रोहतक
शनिवार 29 अगस्त 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 205
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 38.7°C
न्यून. 25.0°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 'प्रज्ञाना' ने 6 अंक पिछड़ने के बाद रचा इतिहास, कारुआना को दी मात

खबर संक्षेप

सोना 3,300 रुपये टूटा 1.62 लाख का 10 ग्राम

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। इन तीन दिनों में सोने में कुल 4,700 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। वहीं चांदी भी घरेलू बाजार में 5,000 रुपये गिरकर 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। भाषा

दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी 3.89 महंगी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत 3.89 रुपये प्रति किलो बढ़ गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के मुताबिक, नई कीमत शनिवार सुबह 6 बजे से लागू होगी। इसके बाद दिल्ली में सीएनजी 83.09 रुपये से बढ़कर 86.98 रुपये प्रति किलो हो जाएगी। इस साल सीएनजी के दाम में यह पांचवीं बढ़ोतरी है। आईजीएल के मुताबिक, इस बार कीमत बढ़ाने की मुख्य वजह एलएनजी की बढ़ती आयात लागत, अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में तेजी और सीएनजी की बढ़ती मांग है। *एजेंसी*

कर्नाटकः मंत्री नागेंद्र का दो साल में दूसरी बार इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस नेता बी. नागेंद्र ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। वह दो साल में दूसरी बार मंत्री पद से हट चुके हैं। उन पर वाल्मीकि स्कैम को लेकर दबाव बन रहा था। यह मामला 89 करोड़ के घोटाले से जुड़ा है। नागेंद्र अगस्त की शुरुआत में ही कैबिनेट में दोबारा शामिल हुए थे। *एजेंसी*

डीएचएफएल केस : 51.75 करोड़ पर रोक लगाई

नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े 34,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बैंक में जमा 51.75 करोड़ रुपये की धनराशि पर धनशोधन रोधी कानून के तहत रोक लगा दी है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने इस मामले में 19 अगस्त को नए सिरे से छापेमारी की थी। ईडी ने 17 बैंकों के समूह की शिकायत पर सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए के तहत जांच शुरू की थी। भाषा

अब लद्दाख में होगी हाईकोर्ट की बेंच, राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली। लद्दाख में रहने वाले आम नागरिकों और मुकदमों के मुवक्किलों के लिए न्याय पाना अब बेहद आसान और सुलभ होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख साझा हाई कोर्ट की नियमित बेंच (पीठ) के आयोजन का रास्ता साफ कर दिया है। नए नियम के तहत अब लद्दाख के वादकारियों (मुकदमेबाजों) को सुनवाई के लिए श्रीनगर या जम्मू के चक्कर काटने से बड़ी राहत मिलेगी। *एजेंसी*

---

8 भारतीय सिम दुबई के रास्ते भेजे, दो साल से पाक हैंडलर्स से संपर्क में थे

पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क से जुड़ा दंपति दिल्ली में गिरफ्तार

व्हाट्सएप अकाउंट बनाए ▸▸ खुफिया जानकारी भेजी ▸▸ मिलते थे पैसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए एक दंपति साहिल (25) व उसकी पत्नी समीरा (21) को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, दोनों वर्ष 2024 से पाकिस्तान में बैठे आईएसआई के अधिकारियों के संपर्क में थे। दंपति ने 2024 से 2025 के बीच आठ भारतीय सिम कार्ड हासिल किए और इन्हें दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजा। इसके बदले पाकिस्तानी हैंडलर ने उन्हें 30 हजार रुपये दिए। इन सिम कार्ड से पाकिस्तान में व्हाट्सएप खाते सक्रिय किए गए। इनके जरिए भारत में लोगों से संपर्क करने और संवेदनशील जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई। कुछ खातों के जरिए भारतीय व्हाट्सएप समूहों में शामिल होने का प्रयास भी किया गया।

नेटवर्क के तार दिल्ली से कराची और इस्लामाबाद तक जुड़े मिले

आतंकी नेटवर्क की जांच से खुला मामला

स्पेशल सेल को आतंकी संगठनों, उनके कथित मददगारों और स्लीपर सेल को रसद सहायता दिए जाने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर जांच शुरू हुई। जांच आगे बढ़ने पर भारतीय सिम उपलब्ध कराने और पाकिस्तान में बैठे हैंडलर की भारत में संपर्क कराने वाले लोगों का पता चला। पुलिस के मुताबिक, दंपति की गिरफ्तारी से पाकिस्तान में बैठे खुफिया नेटवर्क और भारत में उसके संपर्कों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। बताया रहा है कि कपल ने सैन्य ठिकानों की रैकी भी की।

कुरुक्षेत्र हत्याकांड में रूह कंपाने वाला खुलासा

पति की आंतों के साथ लीवर और किडनी भी बोरी में रखी

जांच के लिए पंचकूला भेजे शव से निकाले गए अंग, पत्नी चंडीगढ़ रेफर

कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)। पति की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी विमला को इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, राजेश की हत्या के बाद उसके अंग निकालकर प्लास्टिक की बोरी में रखे गए थे। जांच में आंतों के अलावा लीवर और किडनी भी बोरी में मिलने की बात सामने आई है। बरामद अंगों को जांच के लिए पंचकूला की प्रयोगशाला भेजा गया है। लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में इलाज के दौरान विमला मैथिली भाषा में बात कर रही थी। विमला राजेश को अपना चचेरा भाई बताया। इससे पहले आरोपी ने कहा था कि उसके सिर पर काली माता आई थीं और किसी आत्मा ने उसे छत से नीचे धक्का दे दिया था।

पत्नी बोलीं, मेरे सिर पर काली माता आई थी मुझे धक्का दिया

पुलिस ने मौके से तीन चाकू बरामद किए

पुलिस को मौके से तीन चाकू मिले हैं। राजेश के शरीर पर गहरे घाव के निशान थे। केयूके थाना प्रभारी सुरेंद्र सिद्धू के अनुसार, प्लास्टिक की बोरी से आंतों के साथ शरीर के अन्य अंग भी बरामद हुए हैं। पुलिस हत्या के कारण, आरोपी की मानसिक स्थिति और घटना के पूरे क्रम की जांच कर रही है।उत्तर प्रदेश के सीतापुर निवासी राजेश (40) करीब एक साल से कुरुक्षेत्र के पिहोवा रोड क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। वह पास के एक जल शोधन संयंत्र में काम करता था। पुलिस के अनुसार, विमला उसकी तीसरी पत्नी थी। बता दें कि 21 अगस्त को विमला पति की हत्या की थी।

फिर फटी झील, नेपाल में कई गांव खाली करवाए

ग्लेशियल झील फटने के खतरे से 3 घंटे थमा बचाव राहत अभियान, शाम को शुरू

भोटेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदी में बाढ़ का खतरा, रेडक्रॉस ने कहा, बाढ़ से 90,000 लोग प्रभावित हुए

अब तक 579 की मौत, 2000 से अधिक लापता, 121 विदेशी बचाए

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल-तिब्बत सीमा के पास बनी एक और झील शुक्रवार को फट गई। यह झील चोचेन नदी और पुरेपु सांगपो नदी के संगम के पास बनी थी। चीन ने इसके फटने की आशंका एक दिन पहले ही जताई थी। झील फटने के बाद पानी का स्तर बढ़ने लगा है। भोटेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदी के पास के कई गांव खाली कराए गए हैं। भीषण बाढ़ के बाद करीब तीन घंटे तक रोका गया राहत और बचाव अभियान शुक्रवार शाम फिर शुरू कर दिया गया। इससे पहले भोटेकोशी नदी के ऊपरी हिस्से में बनी ग्लेशियल झील में पानी बढ़ने और उसके ओवरफ्लो होने से अचानक बाढ़ का खतरा पैदा हो गया था। इसके चलते नेपाल में बचाव दलों को सुरक्षित स्थानों पर लौटने के निर्देश दिए गए थे। बुधवार को ग्लेशियर टूटने के बाद आई बाढ़ में नेपाल और तिब्बत में अब तक 579 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 2000 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 537 विदेशी नागरिक, 45 नेपाली सेना के जवान और 41 नेपाल पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। बाढ़ से नेपाल में सड़क, पुल, घर और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भारी नुकसान हुआ है। राहत-बचाव टीमें प्रभावित इलाकों में लापता लोगों की तलाश कर रही हैं।

320 भारतीयों से नहीं हो पाया संपर्क

400 भारतीय चीन में फंसे, सभी सुरक्षित

25 लाख घन मीटर तक पहुंचा पानी

तिब्बत बॉर्डर ऊपरी इलाके में बर्फ और चट्टानों के मलबे से बनी झील से अब भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। शुक्रवार सुबह तक झील में करीब 25 लाख क्यूबिक मीटर यानी 2.5 अरब लीटर पानी जमा हो चुका था। इसके बाद निचले इलाकों में रहने वाले लोगों और रेस्क्यू टीमों को सतर्क रहने और नदी किनारे से दूर रहने की सलाह दी गई है।

बचाव में 13,295 सुरक्षाकर्मी लगाए

नेपाल सरकार के अनुसार राहत और बचाव अभियान में 13,295 सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। इनमें 7,250 नेपाल पुलिस, 4,200 नेपाली सेना और 1,845 सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल हैं। अब तक 3,253 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। सेना हेलीकॉप्टरों के जरिए दुर्गम इलाकों में फंसे लोगों को निकालने और जरूरी सामान पहुंचाने में जुटी है।

21 भारतीय दिल्ली पहुंचे

नेपाल में बाढ़ के बाद करीब 320 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, करीब 100 भारतीय मूल के लोग भी संपर्क से बाहर हैं। इनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए लोग भी शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों से बचाए गए 21 भारतीय शुक्रवार को काठमांडू से दिल्ली पहुंचे। त्रिशूली-1 जलविद्युत परियोजना में काम कर रहे 63 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया है।

चीन में फंसे भारतीयों से संपर्क

चीन की तरफ फंसे 400 भारतीयों से संपर्क हो चुका है और सभी सुरक्षित बताए गए हैं। भारत सरकार उनकी सुरक्षित निकासी के लिए नेपाली और चीनी अधिकारियों के संपर्क में है। इस बीच नेपाल में राहत अभियान के साथ लापता लोगों की तलाश तेज कर दी गई है।

मदद लेने को राजी हुआ नेपाल

नेपाल सरकार ने विदेशी रेस्क्यू टीमों और विशेषज्ञों की मदद लेने को मंजूरी दे दी है। इससे पहले नेपाली सरकार ने विदेशों की मदद की पेशकश को नकार दिया था, लेकिन अब चीन, भारत, अमेरिका, जापान, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की मदद ली जाएगी। इन सभी देशों की टीमों को टनल रेस्क्यू, डीएनए जांच और शवों की पहचान के लिए लगाया जाएगा। बता दें कि बाढ़ से नेपाल को भारी नुकसान हुआ है। रसुआ और नुवाकोट लगभग बर्बाद हो चुके हैं।

नीट विवाद के बाद लगातार बदलाव

एनटीए में केंद्र के तीन अफसरों की नियुक्ति

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए दो निदेशक और एक संयुक्त निदेशक की नियुक्ति की है। 27 अगस्त को जारी आदेश के मुताबिक भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रवि कुमार सिंह और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रसन्ना वेंकटेश वी को निदेशक नियुक्त किया गया है। 2016 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी अमित सामदारिया को संयुक्त निदेशक बनाया गया है। तीनों अधिकारियों को आदेश जारी होने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में पदभार नहीं संभालने वाले अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति योजना के तहत भविष्य में प्रतिनियुक्ति से वंचित करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

2 डायरेक्टर, एक जॉइंट डायरेक्टर; तीन हफ्ते में पद संभालने का आदेश

■ लापरवाही पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति योजना से रोक की कार्रवाई

47 अधिकारी किए थे बर्खास्त

एनटीए में अधिकारियों के स्तर पर बदलाव की प्रक्रिया नीट परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक के बाद तेज हुई। 25 जुलाई को एनटीए ने मामले से जुड़े 47 अधिकारियों को बर्खास्त करने की जानकारी दी थी। प्रश्नपत्र लीक विवाद के दौरान केंद्र सरकार को छात्रों और अभिभावकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। प्रधानमंत्री ने भी 23 जुलाई की रात सामाजिक माध्यम पर वीडियो संदेश जारी कर प्रश्नपत्र लीक को गंभीर मुद्दा बताया था।

दिल्ली से बिलासपुर जा रहा था विमान, बड़ा हादसा टला

लैंडिंग के दौरान विमान का टायर फटा, यात्री सुरक्षित

बिलासपुर। (भाषा)। दिल्ली से बिलासपुर जा रहे विमान का टायर शुक्रवार को बिलासपुर हवाईअड्डे पर उतरते समय टायर फट गया। हालांकि, विमान में सवार सभी 41 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे विमान के हवाई अड्डे पर उतरते समय हुई। अलायंस एयर के इस विमान (उड़ान संख्या 9आई613)में घटना के समय 37 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। लैंडिंग के समय विमान के बाईं ओर का टायर पंचर हो गया। इसके बाद विमानन कंपनी ने उड़ान को रद्द कर दिया।

37 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे

देश के सबसे बड़े आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

जियो को 37,700 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद

नई दिल्ली। (भाषा)। रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लि. को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी इस आईपीओ के जरिये करीब चार अरब डॉलर (लगभग 37,700 करोड़ रुपये) जुटाने की उम्मीद कर रही है। कंपनी 27 करोड़ के नए शेयर जारी करेगी। इस लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है। जियो प्लेटफॉर्म्स ने प्रस्तावित सार्वजनिक निर्गम के लिए जून में सेबी के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे।

27 करोड़ के नए शेयर जारी करेगी कंपनी

यूजीसी नेट के 84 विषयों के परिणाम घोषित

4000 से अधिक अभ्यर्थी जेआरएफ के लिए पात्र

नई दिल्ली। (भाषा)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार देर रात बताया कि 84 विषयों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं और 4,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए अर्हता प्राप्त की है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 84 विषयों की परीक्षा में शामिल हुए 6.07 लाख अभ्यर्थियों में से 97,000 से अधिक ने पीएचडी में दाखिले के लिए और 4,000 से अधिक ने जेआरएफ के लिए अर्हता हासिल की है।

97000 से अधिक पीएचडी के पात्र

सोनीपत की छात्राओं ने पीएम को राखी बांधी

सोनीपत। सोनीपत की रहने वाली चार छात्राओं ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। चारों छात्राएं एक निजी स्कूल में पढ़ती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को राखी बांधने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से उन्हें निमंत्रण मिला। इस कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की प्रियान्शी, कक्षा 9वीं की मायरा और अन्वेषा (9वीं-ए) व कक्षा 8वीं-सी की सान्वी शामिल हुईं। इनके साथ एक टीचर भी गईं। प्रधानमंत्री ने छात्राओं के साथ हाई-फाइव किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर बात की।

डोपिंग से कुश्ती में हड़कंप दो खिलाड़ी टीम से बाहर

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय पहलवानों से जुड़े डोपिंग व ठिकाने की जानकारी देने (वेयरअबाउट्स) से जुड़े कई मामलों के सामने आने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन मामलों में एशियाई खेलों के लिए चुने गए दो पहलवान और हाल में अंडर-23 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा है कि डोपिंग नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी खुद खिलाड़ियों की है। यह दिशानिर्देश तब जारी किए गए जब एशियाई खेलों के लिए चुने गए पहलवान मुकुल दहिया (86 किग्रा फ्रीस्टाइल) और दीपांशु (130 किग्रा ग्रीको-रोमन) डोपिंग मामलों के कारण भारतीय टीम से बाहर कर दिए गए। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने बताया, डब्ल्यूएफआई ने दीपांशु की जगह रोनक दहिया को टीम में शामिल करने की कोशिश की थी, लेकिन महासंघ को बताया गया कि किसी खिलाड़ी की जगह सिर्फ चोट की स्थिति में ही बदली जा सकती है, डोपिंग मामले में नहीं। पहलवानों में डोपिंग नियमों को लेकर जानकारी की कमी एक बड़ी समस्या है।

डब्ल्यूएफआई ने सख्त दिशानिर्देश जारी किए डोपिंग नियमों का पालन खिलाड़ियों की जिम्मेदारी

सेना खरीदेगी अमेरिकी जैवलिन मिसाइल, समझौते पर हस्ताक्षर

सैनिक कंधे से लॉन्च कर सकेंगे, चार किमी मारक क्षमता

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना अपनी टैंक रोधी क्षमता बढ़ाने के लिए अमेरिका से जैवलिन मिसाइल प्रणाली खरीदने जा रही है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को बताया कि इस खरीद के लिए भारतीय सेना ने लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। हालांकि, कितनी मिसाइलें खरीदी जाएंगी और सौदे की कुल कीमत कितनी होगी, इसकी जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। जैवलिन एक हल्की और सैनिकों द्वारा कंधे से दागी जा सकने वाली टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल प्रणाली है। इसकी प्रभावी मारक क्षमता करीब चार किलोमीटर है। इसमें अवरक्त सेंसर लगा है, जो लक्ष्य से निकलने वाली ऊष्मा को पहचानकर उसे निशाना बनाने में मदद करता है।

जैवलिन एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम ■ यह बख्तरबंद वाहनों जैसे लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम ■ दागने के बाद खुद लक्ष्य तक पहुंचेगी ■ इसमें अवरक्त सेंसर है जो ऊष्मा को पहचानकर निशाना बनाता है

लक्ष्य पर लॉक होते ही हमला

जैवलिन की सबसे बड़ी खासियत इसकी 'दागो और भूल जाओ' तकनीक है। सैनिक मिसाइल दागने से पहले लक्ष्य को पहचानकर उस पर निशाना साधता है। लक्ष्य पर पकड़ बन जाने के बाद मिसाइल को लगातार नियंत्रित करने की जरूरत नहीं होती। यह खुद लक्ष्य की ओर बढ़ती है। मिसाइल ऊपर से हमला करने में भी सक्षम है, जिससे टैंक के ऊपरी हिस्से को निशाना बनाया जा सकता है। जरूरत के अनुसार सीधे हमले का विकल्प भी मौजूद है।

पहले 100 मिसाइलों की मांग

अमेरिकी दस्तावेजों के मुताबिक भारत ने पहले 100 जैवलिन मिसाइल, एक परीक्षण मिसाइल और 25 हल्की कमांड प्रक्षेपण इकाइयों की मांग की थी। अंतिम सौदे में कितनी मिसाइलें शामिल हैं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। जैवलिन को लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन के संयुक्त उपक्रम ने विकसित किया है।

पहाड़ी इलाकों में बढ़ेगी ताकत

जैवलिन जैसी पोर्टेबल टैंक रोधी प्रणाली पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात छोटे सैन्य दलों के लिए खास तौर पर उपयोगी होगी। इससे दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ सेना की त्वरित कार्रवाई की क्षमता बढ़ेगी।

खबर संक्षेप

सफाई कर्मियों की उपेक्षा कर रही सरकार : गुप्ता

चंडीगढ़। हरियाणा में पिछले 22 दिनों से जारी नगर निकायों और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का पूर्ण समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने राज्य की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भीषण परिस्थितियों में भी समाज को स्वच्छ और रोगमुक्त रखने वाले सफाई कर्मचारियों को सरकार की उपेक्षा और संवेदनहीनता के कारण सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा है।गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार वार्ता की मेज पर कर्मचारियों को केवल खोखले आश्वासन देती है, लेकिन मांगों का कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं करती। हरियाणा कौशल रोजगार निगम और आउटसोर्सिंग के नाम पर युवाओं और कच्चे कर्मचारियों का भारी शोषण किया जा रहा है।

जानलेवा हमले के मामले में इनामी गिरफ्तार

फरीदाबाद। 2024 में भूपानी थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को राजस्थान के सीकर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव खंडेला, सीकर निवासी गणेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गांव खंडेला निवासी गिरधारी लाल ने शिकायत दी थी कि उसका बेटा शीशराम भूपानी क्षेत्र में टाइल-पत्थर लगाने का काम करता था। 27 मार्च 2024 को वह अपने साथी गणेश के साथ काम करने के लिए भूपानी आया था। 30 मार्च की रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद गणेश ने शीशराम के सिर पर पत्थर से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया। शिकायत पर भूपानी पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

भाइयों पर हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। थाना सेक्टर-8 क्षेत्र में युवक और उसके भाई पर जानलेवा हमला करने तथा गाड़ी में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस चौकी सेक्टर-7 की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहित उर्फ टुन्ची और विकास निवासी गांव बड़ौली, फरीदाबाद के रूप में हुई है। मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार शिकायतकर्ता दर्शन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 जून 2025 की रात वह अपने दोस्त के साथ सेक्टर-7-10 मार्केट में गाड़ी से घरेलू सामान लेने के लिए रुका था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता का भाई योगेंद्र मलिक अपने दोस्त अतुल के साथ मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। आरोप है कि कुछ देर बाद तीन-चार मोटरसाइकिलों और दो गाड़ियों में सवार करीब 8-9 युवक वहां पहुंचे और उनपर हमला कर दिया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अमृतसर के बाबा बकाला साहिब सम्मेलन में किया कटाक्ष

आप सरकार ने पंजाब को बर्बाद किया भ्रष्टाचार में कांग्रेस को भी पीछे छोड़ा

हरियाणा के सफल जनकल्याणकारी मॉडल को पंजाब में भी लागू करेंगे : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

आप सरकार ने पंजाब की जनता से किए वादों से मुंह मोड़ा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगभग साढ़े चार वर्षों में आप सरकार ने जनता से किए वादों से मुंह मोड़ लिया और पंजाब को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की नीति और नीयत ठीक नहीं है। आज पंजाब में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, हर कार्य के रेट निर्धारित कर दिए गए हैं और बिना पैसे के कोई काम नहीं होता उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ आम आदमी पार्टी को सत्ता सौंपी थी, सरकार उस विश्वास पर खरी नहीं उतरी। जनता अब सरकार के कामकाज को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को महसूस हो रहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में मौजूदा सरकार पिछली कांग्रेस सरकार से भी आगे निकल गई है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी सरकार से तंग आ चुकी है और बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब को बर्बाद करने का काम किया है और भ्रष्टाचार के मामले में पिछली कांग्रेस सरकार को भी पीछे छोड़ दिया है। इसलिए अब पंजाब की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने तथा पंजाब को मजबूत, विकसित और सुशासित प्रदेश बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की पवित्र धरती की आस्था, संस्कृति और सम्मान की रक्षा करते हुए सभी को मिलकर प्रदेश को विकास और सुशासन के रास्ते पर आगे लेकर जाना होगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अमृतसर के बाबा बकाला साहिब में आयोजित महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी महासम्मेलन को संबोधित किया। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत अमृतसर और बाबा बकाला साहिब की पवित्र धरती को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि यह गुरुओं की वह पावन धरती है, जहां इतिहास केवल लिखा नहीं गया, बल्कि रचा गया है। यह बाबा बकाला साहिब की वह पवित्र धरती है, जहां अनेक दावेदारों के बीच एक सच्चे गुरु की पहचान हुई थी। यहां भाई माखन शाह लुबाना ने सत्य को पहचाना और गुरु लाधो रे का उद्घोष किया। इसी पावन धरती पर खड़े होकर उन्होंने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के चरणों में कोटि-कोटि नमन किया।

मुख्यमंत्री ने संत कबीर कुटीर पर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को संत कबीर कुटीर पर स्कूली छात्राओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ रक्षाबंधन का पावन त्योहार मनाया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को स्नेह और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनकी पत्नी सुमन सैनी भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का त्योहार है। यह पर्व हमें बेटियों और बहनों के सम्मान, सुरक्षा तथा उनके सशक्तिकरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बेटियां समाज और प्रदेश की शक्ति हैं। बेटियों को शिक्षा, सम्मान और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाकर ही हम एक मजबूत समाज का निर्माण कर सकते हैं। रक्षाबंधन जैसे पर्व सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को और मजबूत करते हैं।

103 गांवों को 40 एलपीसीडी से भी कम मिल रहा पानी

चंडीगढ़। हरियाणा में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को लेकर सरकार के आंकड़ों ने जिलों के बीच बड़ा अंतर उजागर किया है। प्रदेश के 103 गांवों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) 40 लीटर से भी कम पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें अकेले नूंह के 82 गांव शामिल हैं। वहीं, 194 गांवों में 40 से 55 एलपीसीडी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। 40 एलपीसीडी से कम पानी पाने वाले प्रदेश के सभी 103 गांव नूंह और पलवल में हैं। ये आंकड़े जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने हरियाणा विधानसभा में नूंह से विधायक आफताब अहमद के अतारांकित प्रश्न के जवाब में दिए हैं। विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा ने सदन में जिला-वार ग्रामीण पेयजल उपलब्धता का विवरण रखा। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 6,583 गांव हैं। इनमें नूंह के 82 गांवों में 40 एलपीसीडी से कम, 140 गांवों में 40 से 55 एलपीसीडी और 230 गांवों में 55 से 70 एलपीसीडी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

■ विधायक आफताब अहमद के अतारांकित प्रश्न के जवाब में मंत्री ने बताया

शहरी क्षेत्रों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर

शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की तस्वीर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बेहतर है। विभाग के आंकड़ों में 110 एलपीसीडी से कम पानी पाने वाले कस्बे अंबाला, चरखी दादरी, झज्जर, करनाल और सोनीपत में एक-एक हैं। रोहतक के चार कस्बे 110 से 135 एलपीसीडी की श्रेणी में हैं, जबकि नूंह के सभी चार सूचीबद्ध कस्बों में 135 एलपीसीडी या उससे अधिक पानी उपलब्ध बताया गया है।

नूंह में 175 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

नूंह। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज नूंह में लगभग 175 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि मुख्यमंत्री नव नियुक्त प्राथमिक अध्यापकों (नूंह/मेवात संवर्ग) के राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मेवात विकास बोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि जिला नूंह में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की 11 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का तथा मुख्यमंत्री मेवात विकास अभिकरण 10 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहेंगे।

लोकायुक्त की रिपोर्ट ने खोली प्रशासनिक जवाबदेही की पोल, 1289 शिकायतें लंबित

■ पुलिस, विकास एवं पंचायत और राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा मामले

चंडीगढ़। हरियाणा में प्रशासनिक शिकायतों के निपटारे और जवाबदेही की व्यवस्था पर हरियाणा लोकायुक्त की वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2026 तक लोकायुक्त के समक्ष 1,289 शिकायतें लंबित थीं। इनमें सबसे अधिक विकास एवं पंचायत, पुलिस और राजस्व विभाग से संबंधित मामले हैं। इतना ही नहीं, लोकायुक्त की सिफारिशों पर सरकार को भेजे गए 170 मामलों में कार्रवाई की रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) भी लंबित पाई गई। आंकड़ों के अनुसार 1,289 लंबित शिकायतों में 450 विकास एवं पंचायत विभाग, 250 पुलिस और 189 राजस्व विभाग से संबंधित हैं। इसके अलावा 100 शिकायतें शिक्षा विभाग तथा 66 शहरी स्थानीय निकायों से जुड़ी हुई हैं।

राजस्व विभाग के खिलाफ शिकायतों में भूमि रिकॉर्ड में अनियमितता, राजस्व कार्यालयों में अनधिकृत व्यक्तियों के काम करने, रिश्वत मांगने, उत्पीड़न और मामलों के निपटारे में अत्यधिक देरी के आरोप सामने आए हैं। लोकायुक्त ने पुलिस, विकास एवं पंचायत तथा राजस्व विभागों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इन विभागों के शिकायत निवारण और सतर्कता तंत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई है।

■ रिश्वत मांगने , एफआईआर दर्ज न करने, उत्पीड़न और प्रशासनिक देरी के आरोप

पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

लोकायुक्त की रिपोर्ट में पुलिस विभाग के खिलाफ मिली शिकायतों की प्रकृति पर भी गंभीर चिंता जताई गई है। इनमें एफआईआर दर्ज नहीं करने, पक्षपातपूर्ण जांच, रिश्वत मांगने और प्रभावशाली विरोधियों के इशारे पर झूठे मामलों में फंसाने जैसे आरोप शामिल हैं।

12000 गेस्ट टीचरों को रेगलुर करने की प्रक्रिया तेज

चंडीगढ़। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले 20-21 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे लगभग 12 हजार अतिथि अध्यापकों (गेस्ट टीचर्स) में नियमित होने की एक नई उम्मीद जागी है। ये अध्यापक पिछले दो महीनों से लगातार अपने हक और अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। राज्य सरकार द्वारा कॉलेजों में कार्यरत करीब 5 हजार गेस्ट लेक्चरर्स को पहले ही नियमित किया जा चुका है, जिसके बाद स्कूलों में कार्यरत इन 12 हजार गेस्ट टीचरों की नियमित करने की मांग और अधिक मुखर हो गई है। हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण आदेशों ने इस मामले को नया मोड़ दिया है। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 25 मई 2026 को आदेश जारी कर दो महीनों के भीतर गेस्ट टीचरों को नियमित करने के निर्देश दिए थे। इसके पश्चात छह अगस्त 2026 को डबल बेंच द्वारा सुनवाई के दौरान भी दो महीने के भीतर नियमितीकरण प्रक्रिया पूरा करने के आदेशों पर मुहर लगाई गई। अदालती आदेशों को धरातल पर लागू करवाने के उद्देश्य से राज्य के आधा दर्जन से अधिक अतिथि अध्यापक संगठन अब पूरी तरह से एकजुट हो चुके हैं।

■ हाईकोर्ट के आदेश के बाद अतिथि शिक्षकों में उम्मीद जगी

'द इकोनॉमिक डीएनए ऑफ भारत' में विकसित भारत-2047 का संकल्प

चंडीगढ़। आयुर्वेद विशेषज्ञ, उद्यमी और विचारक डॉ. मोनिका बी. सूद की पुस्तक 'द इकोनॉमिक डीएनए ऑफ भारत' में भारत की सभ्यतागत आर्थिक सोच और वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा को समझने का प्रयास किया गया है। साइमन एंड शूस्टर इंडिया द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में अर्थव्यवस्था को जीडीपी और विकास दर से आगे बढ़कर इतिहास, सभ्यता और राष्ट्रीय मनोविज्ञान के संदर्भ में देखा गया है। डॉ. सूद ने बताया कि पुस्तक के 10 अध्यायों में भारत के सभ्यतागत अतीत को वर्तमान आर्थिक स्थिति और भविष्य से जोड़ा गया है। उन्होंने भारत के आर्थिक डीएनए को धर्म, निर्माण और आत्मनिर्भरता जैसे तीन प्रमुख विचारों के माध्यम से समझाया है।

■ विचारक डॉ. मोनिका बी. सूद की पुस्तक की केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भूमिका लिखी

उद्यम, ज्ञान और नवाचार पर जोर

पुस्तक में उद्यम, ज्ञान, नवाचार, समुदाय, समावेश और रणनीतिक आत्मनिर्भरता को भारत की आर्थिक यात्रा की प्रमुख प्रवृत्तियों के रूप में रेखांकित किया गया है। पुस्तक की भूमिका केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लिखी है। लेखिका के अनुसार पुस्तक 'विकसित भारत-2047' की दिशा में भारत के आर्थिक और सभ्यतागत विकास को समझने का एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

जाम लगाने पर 70 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा सड़क पर जाम लगाकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना ओल्ड फरीदाबाद पुलिस ने बताया कि नियाज मोहम्मद नामक व्यक्ति का 23 अगस्त को एक्सीडेंट हुआ था और चार दिन बाद 27 अगस्त को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। जिसको लेकर करीब 70 से अधिक लोग 27 अगस्त की शाम को खेड़ीपुल चौक पर एकत्रित हो गए और बाईपास रोड पर जाम लगाकर यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया। जिनके द्वारा मृतक नियाज मोहम्मद के शव को सड़क पर रख दिया गया, जिसके कारण बाईपास रोड पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आम वाहन चालकों के साथ-साथ एंबुलेंस एवं आवश्यक सामग्री लेकर जाने वाले वाहन भी जाम में फंस गये। इससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा मौके पर कानून एवं व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई।

■ हादसे में युवक की मौत होने पर आरोपियों ने सड़क पर लगाया था जाम

निवेश के नाम पर 60 लाख की धोखाधड़ी, बाप-बेटा गिरफ्तार

फरीदाबाद। थाना एनआईटी क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और रकम वापस मांगने पर जान से मारने व झूठी पुलिस शिकायत में फंसाने की धमकी देने के मामले में पुलिस चौकी सैनिक कॉलोनी और अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सेक्टर-85 फरीदाबाद निवासी भूपेंद्र सिंह चौधरी और उसके बेटे माधव चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को जीरकपुर, पंजाब से गिरफ्तार किया पुलिस प्रवक्ता के अनुसार झज्जर के बेरी निवासी परवीन कादियान ने शिकायत में आरोप लगाया कि भूपेंद्र चौधरी और उसके बेटे माधव ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर उससे कुल 60 लाख रुपये लिए थे। इनमें 50 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से और 10 लाख रुपये नकद दिए गए थे । शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उसने निवेश की रकम वापस मांगी तो आरोपी टाल-मटोल करने लगे और फोन कॉल का भी जवाब नहीं देते थे। रकम वापस मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देते थे।

■ पीड़ित के पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी, पुलिस ने जीरकपुर से दबोचा

विस स्पीकर कल्याण का मधुबन में आवंटित आवास लेने से इनकार

■ कल्याण हाउस की मरम्मत के चलते सरकार ने की थी वैकल्पिक व्यवस्था

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने संवैधानिक पद की गरिमा और पुलिस परिसर की संस्थागत मर्यादा को ध्यान में रखते हुए मधुबन स्थित पुलिस परिसर में आवंटित सरकारी आवास लेने से इनकार कर दिया है। सात दशक से अधिक पुराने उनके पैतृक आवास 'कल्याण फार्म' के पुनर्निर्माण को देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें अस्थायी आवासीय व्यवस्था के तहत मधुबन पुलिस कॉम्प्लेक्स में हाउस नंबर-2 आवंटित किया था। हालांकि, कल्याण ने इसे स्वीकार करना उचित नहीं माना।

कुटेल के मूल निवासी हरविंद्र कल्याण का जीटी रोड स्थित पैतृक आवास 'कल्याण फार्म' करीब सात दशक पुराना है। जर्जर हो चुके भवन के पुनर्निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए सरकार की ओर से उनके लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की गई थी। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य पूरा होने में करीब एक वर्ष लग सकता है। कल्याण ने इस मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चर्चा की थी। उन्होंने पुराने आवास के पुनर्निर्माण तक अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री की ओर से सहयोगात्मक पहल किए जाने के बाद कल्याण ने पत्र के माध्यम से उनका आभार जताते हुए स्पष्ट किया कि मधुबन पुलिस कॉम्प्लेक्स में आवासीय उपयोग के लिए आवंटित मकान को स्वीकार करना उचित नहीं होगा। मधुबन पुलिस कॉम्प्लेक्स मूल रूप से पुलिस विभाग की गतिविधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए निर्धारित परिसर है। यहां हरियाणा पुलिस अकादमी, सशस्त्र पुलिस की बटालियन, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो सहित कई महत्वर्पूण कार्यालय है।

संस्थागत अनुशासन प्राथमिकता : कल्याण

उनका मानना है कि विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए पुलिस परिसर में रहने से वहां अनावश्यक प्रोटोकॉल या अतिरिक्त व्यवस्थाओं की स्थिति बन सकती है। इससे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सामान्य कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो सकती है। इसी कारण उन्होंने व्यक्तिगत सुविधा के बजाय संस्थागत अनुशासन को प्राथमिकता दी।

चंडीगढ़ में नकली पीसीएस अधिकारी पकड़ा, वाहन पर लगा रखी थी लालबत्ती

चंडीगढ़। शहर के सेक्टर-6 स्थित यूटी गेस्ट हाउस में नकली पीसीएस अफसर पकड़ा गया। गेस्ट हाउस के पुलिसकर्मियों ने पूछा तो खुद को पंजाब से डेपुटेशन पर आया अधिकारी बताकर रौब जमाने लगा। उसके साथ एक गनमैन भी था। उसने प्राइवेट इनोवा पर आगे-पीछे गवर्नमेंट ऑफ पंजाब लिखवा रखा था और कार पर लालबत्ती लगा रखी थी। पुलिसकर्मियों को शक हुआ तो पूछताछ शुरू की।

इस दौरान उसने गनमैन को फोन कर कहा- जल्दी आओ, गाड़ी तैयार करो, रेड पर जाना है। जांच में सामने आया कि वह पीसीएस अफसर नहीं है और इनोवा भी सरकारी नहीं, बल्कि उसकी मां के नाम पर रजिस्टर्ड प्राइवेट गाड़ी है। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो उसकी गाड़ी से लालबत्ती और सरकारी स्टीकर हटवाकर चालान किया गया। हालांकि, उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। खुद को पीसीएस अधिकारी बताने वाले की पहचान जीरकपुर निवासी केडी पांडे के रूप में हुई।

कर्मचारियों ने शक होने पर पुलिस बुलाई

कुछ समय बाद केडी पांडे ने गेस्ट हाउस के कर्मचारियों से करीब 5 हजार रुपए उधार मांगे। उसने कहा कि कुछ सामान खरीदना है, लेकिन उसके पास पैसे नहीं हैं। गूगल पे काम नहीं करने की बात कहकर उसने ऑनलाइन पेमेंट के लिए रकम मांगी। कर्मचारियों ने पैसे दे दिए। इसके बाद उसकी बातचीत और गतिविधियों को लेकर कर्मचारियों के मन में शक पैदा होने लगा। कर्मचारियों ने शाम को उसे गेस्ट हाउस में खाने के लिए बुलाया। बातचीत के दौरान उसके पद, ड्यूटी, पंजाब से डेपुटेशन और गाड़ी से जुड़े सवाल किए गए।

ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और **शाखा कार्यालय :- प्रथम तल, एससीओ 69, शॉपिंग सेंटर 2, सेक्टर-17, हुडा, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135003** के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों)	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन	भौतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
श्रीमती गीनू मेहता श्री रितिक मेहता यूनिक ट्रेंड्स (प्रोस्पेक्ट नं. IL10705404)	13/10/2025 रु. 2222609/- (रुपये बाईस लाख बाईस हजार छह सौ नौ केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- नगर निगम यमुनानगर जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135003 की सीमाओं के अंदर, वर्तमान में मुखर्जी पार्क एक्सटेंशन के तौर पर जानी जाती, मकान जिसकी नई प्रोपर्टी आईडी नं. 1K74BND5, पुरानी प्रोपर्टी आईडी नं. 68C232U123 खसरा नं. 27//3, 27//8, मौजा जगाधरी। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 1488.00, 1264.80	19/05/2026	रु. 2748000/- (रुपये सताईस लाख अड़तालीस हजार केवल)
	बोली बढ़ौतरी राशि रु. 40000/- (रुपये चालीस हजार केवल)		कुल बकाया दिनांक 10.08.2026 के अनुसार रु. 2650704.59/ - (रुपये छब्बीस लाख पचास हजार सात सौ चार और उनसठ पैसे केवल)	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 274800/- (रुपये दो लाख चोहत्तर हजार आठ सौ केवल)

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी अन्तिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि/समय
16.09.2026 1100 बजे - 1400 बजे	18.09.2026 अप. 5.00 बजे तक	21.09.2026 1100 बजे - 1300 बजे

भुगतान का मोड :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको **https://www.iiflonehome.com** पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
शेष भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount

नियम एवं शर्तें :-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में ईएमडी के तहत भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @ 1800 2672 499**
8. **सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।**
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे हुए घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदारों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान : यमुनानगर, दिनांक : 29.08.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

खबर संक्षेप

एसी की जाली में छिपाई हेरोइन, आरोपी दबोचा

महेंद्रगढ़। अवैध नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना शहर महेंद्रगढ़ पुलिस ने एक आरोपित को 14.97 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैजल खान ने बताया कि थाना शहर महेंद्रगढ़ पुलिस टीम को सूचना मिली कि संदीप निवासी नांगल हरनाथ, हाल निवासी रतन कॉम्प्लेक्स महेंद्रगढ़ अपने फ्लैट में हेरोइन की खरीद-फरोख्त करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रतन कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल स्थित फ्लैट में दबिश दी और मौके से संदीप को काबू कर लिया। फ्लैट की तलाशी में वहां लगे एसी की जाली से एक मोमी पॉलीथिन बरामद हुई। जांच करने पर उसमें हेरोइन (चिट्टा) मिला।

पावर हाउस में कर्मचारी ने फंदा लगाकर दी जान

बावल। सेक्टर-4 आईएमटी बावल स्थित 33 केवी पावर हाउस में वीरवार देर रात एक कर्मचारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के लिए सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया गया। मोहल्ला वैधवाड़ा निवासी 34 वर्षीय भारत पावर सब स्टेशन में सहायक सब स्टेशन अटेंडेंट लगा हुआ था। रात को उसने सब स्टेशन में ही फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर आई पुलिस ने निरीक्षण के दौरान मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद किया। सुसाइड नोट में भारत ने मौत के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया है।

भिवानी में 2 से होगी अग्निवीर भर्ती रैली

भिवानी। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी द्वारा मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, अंबाला के तत्वावधान में 2 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक भीम स्टेडियम, भिवानी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। रैली के दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी की भर्ती रैली 15 से 17 अक्टूबर तक राजीव गांधी स्टेडियम अंबाला में आयोजित की जाएगी।

रोडवेज बस ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट

पलवल। हथीन बस स्टैंड पर हरियाणा रोडवेज की बस के ड्राइवर और कंडक्टर के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। 26 अगस्त को नूंह के सुंडाका गांव निवासी कंडक्टर मोहम्मद असलम खान और नौसेरा गांव निवासी ड्राइवर यावेद हुसैन अपनी बस को हथीन बस स्टैंड से निकाल रहे थे। इसी दौरान हथीन निवासी जितेंद्र अपनी स्कूटी लेकर आया और बस के आगे लगा दी। विरोध पर आरोपी ने मारपीट की और अपने 10 साथियों को भी बुला लिया। उन्होंने भी मारपीट की।

रक्षाबंधन : बसों में बहनों का फ्री सफर बना चुनौती

हिसार। रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में फ्री सफर महिलाओं के लिए चुनौती से कम नहीं रहा। मांग की तुलना में बसें कम होने से हर बस में भारी भीड़ व धक्कामुक्की रही।

शरारतों से परेशान मां ने दो साल के बेटे की पिटाई कर कटर से गला काटा

- पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा, बच्चे का करवाया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

अपने मासूम बच्चे की शरारत से परेशान होकर एक मां ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। उसके सिर गुस्सा इतना हावी था कि पेपर कटर के ब्लेड से उसके गले पर भी वार कर दिया। इससे बच्चा लहूलुहान हो गया। बच्चे को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। मामले में पल्ला थाना पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मां की मार से घायल बच्चा।

शिव एन्क्लेव पार्ट-3 निवासी कृष्ण कुमार ने मामले की शिकायत दर्ज करवाई। उसने बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले कमलेश से हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। उसकी पत्नी का बच्चों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं रहता था। वह अक्सर गुस्से में बच्चों के साथ मारपीट करती थी। 26 अगस्त को मामला उस समय गंभीर हो गया, जब पत्नी ने अपने 2 साल के बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। वह उसे बचाने के लिए पहुंचा। इसी दौरान पत्नी ने घर में रखा पेपर कटर उठाया और उसके ब्लेड से बच्चे के गले पर वार कर दिया। ब्लेड लगने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को उपचार के लिए ले जाया गया।

रक्षाबंधन पर हादसों ने छीनी बहनों की खुशियां, 3 दुर्घटनाओं में 5 की जान गई

फाल्ट ठीक करने अप्रेंटिस को अकेले भेजा करंट लगने से युवा कर्मी व किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गांव मुंडलाना में बिजली लाइन पर काम करते समय करंट लगने से बिजली निगम में अप्रेंटिस कर रहे कर्मचारी और एक किसान की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे हुआ। मृतकों की पहचान गांव सिवानका निवासी 19 वर्ष के सौरभ और गांव मुंडलाना निवासी 38 वर्ष के जोगेंद्र के रूप में हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बिजली निगम के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, रक्षाबंधन के दिन दो घरों के चिराग बुझने से परिजनों में शोक की लहर है।

सौरभ ने आईटीआई पूरी करने के बाद बिजली निगम में अप्रेंटिस के तौर पर काम शुरू किया था। गांव मुंडलाना निवासी जोगेंद्र के बिजली कनेक्शन पर फाल्ट आया हुआ था, जिसको लेकर उसने शिकायत की थी। फाल्ट ठीक करने के लिए बिजली निगम के लाइनमैन मोहित ने सौरभ को मौके पर भेजा। ग्रामीणों का आरोप है कि अप्रेंटिस को लाइन पर काम करने के लिए अकेला ही भेज दिया गया। सौरभ फाल्ट ठीक करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़कर ट्रांसफार्मर व लाइन पर काम कर रहा था। जोगेंद्र भी उसकी मदद कर रहा था। इसी दौरान दोनों को करंट लगा और वे झुलसकर नीचे गिर गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय जोगेंद्र की मां सरोज खेत में काम कर रही थी। उसने शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंच गए। स्वजन के बयान पर सदर थाना में एसडीओ, जेई और लाइनमैन पर केस दर्ज किया गया।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिजली निगम के लाइनमेन और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि निगम के नियमों के अनुसार लाइन पर काम करने के लिए अप्रेंटिस को अकेले नहीं भेजा जा सकता है। यदि मौके पर निगम का जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद होता और सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाते तो हादसा टल सकता था।

आईटीआई के बाद अप्रेंटिस लगा था 19 वर्षीय युवक, लापरवाही पर दो कर्मचारी निलंबित, एसडीओ, जेई और लाइनमैन पर मामला दर्ज

विधायक ने आर्थिक मदद व मुआवजा मांगा

पूर्व मंत्री जगबीर मलिक और बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने घटना की निष्पक्ष जांच, मृतक के स्वजन को नौकरी व आर्थिक सहायता देने की मांग की। दूसरी तरफ हादसे की सूचना मिलने पर ग्रामीण और बिजली निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई।

परमिट के बावजूद करंट आने की जांच होगी

प्रथम जांच में लाइनमैन मोहित और बिजलीघर के एसए रामफल की लापरवाही मिली, जिस पर एसई ने दोनों को निलंबित कर दिया। लाइनमैन ने काम के दौरान परमिट लिया था। इसके बावजूद करंट कैसे आया इसको लेकर एक्सपर्ट की टीम से जांच कराई जाएगी।
- राज सिंह, एक्सईएन, बिजली निगम

कार और बाइक की टक्कर में दो भाइयों की मौत, एक युवक गंभीर

भिवानी। गांव लोहानी के नजदीक गुरुवार रात एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में चरखी दादरी जिले के 2 युवकों की मौत हो गई। वहीं तीसरे व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। इधर, मामले की सूचना मिलते ही जुई कलां थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। मृतकों की पहचान चरखी दादरी के गांव उमरवास निवासी प्रदीप (34) और राजेंद्र (35) के रूप में हुई है। जो आपस में रिश्ते में परिवार में भाई लगते हैं। वहीं गांव उमरवास निवासी इंद्र (37) को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। चरखी दादरी जिले के गांव उमरवास निवासी पूर्व सरपंच विजय मोटू ने बताया कि उनके गांव के प्रदीप, राजेंद्र और इंद्र प्राइवेट ठेकेदार के पास बिजली का काम करते हैं। वीरवार को देर शाम तीनों अपने काम से वापस घर लौट रहे थे। इसलिए वे भिवानी से बाइक पर सवार होकर निकले। जब वे गांव लोहानी के नजदीक पहुंचे तो वैगनार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्रदीप और राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। इंद्र गंभीर है।

कनाडा से लौटे इकलौते बेटे की हादसे में मौत

कुरुक्षेत्र। कनाडा से लौटे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने परिवार का इकलौता बेटा था। युवक की पहचान कुरुक्षेत्र के पिहोवा क्षेत्र के गांव डडवाना निवासी 27 वर्षीय सिमरनजीत सिंह के रूप में हुई। वह 10 साल के वीजा पर कनाडा गया था। मगर, चार माह बाद ही लौट आया। उसकी बहन ने उसे वहीं रखने का प्रयास भी किया, लेकिन सिमरनजीत गांव आ गया। गांव डडवाना निवासी गुरमीत सिंह के मुताबिक, रात करीब 11 बजे उसका बेटा सिमरनजीत सिंह अपनी बाइक पर पिहोवा से डडवाना अपने घर की तरफ आ रहा था। सिमरनजीत ढांड-पिहोवा रोड पर असमानपुर गांव के श्मशान घाट के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

बीरू वाल्मीकि हत्याकांड के बाद दहशत

विधायक जगमोहन आनंद को लॉरेंस गैंग के नाम पर डाक से आई धमकी की चिट्ठी

- तीन अन्य लोगों को मिल चुकी हैं धमकियां, मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

बीरू वाल्मीकि हत्याकांड के बाद करनाल में धमकियों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। विधायक जगमोहन आनंद और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद अब पत्रकार आकर्षण उप्पल और दुकानदार राजिंद्र मान व नसीब उर्फ सेठी को भी धमकियां मिलने की शिकायतें पुलिस तक पहुंची हैं। चारों मामलों में अलग-अलग शिकायतों के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। विदेशी मोबाइल नंबरों से कॉल, वाट्सएप संदेश और सोशल मीडिया खातों के माध्यम से धमकियां दिए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। विधायक के कैंप कार्यालय में डाक के जरिए धमकी भरा पत्र भेजा गया। पत्र भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का एरिया कमांडर बलबीर सिंह बताया है। पत्र में विधायक और उनके बेटे को एक महीने के अंदर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। धमकी मिलने के बाद विधायक ने पुलिस को शिकायत देकर अपने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले को बीरू वाल्मीकि हत्याकांड के बाद हुए हर्ष और बीरबल एनकाउंटर की जांच से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हर्ष के पक्ष के रोड़ समाज विधायक का इस्तीफा मांग रहा है।

इन्हें भी धमकियां मिलीं

सोशल मीडिया पत्रकार आकर्षण उप्पल ने भी पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर धमकियां मिलने की जानकारी दी है। यह धमकियां भी हर्ष एनकाउंटर मामले में आ रही हैं। पुलिस जांच में जिस विदेशी नंबर से फोन आने की बात सामने आई है, वह नीलोखेड़ी के गांव काला माजरा के रहने वाले एक व्यक्ति से जुड़ा बताया जा रहा है, जो इस समय अमेरिका में है। वहीं, गांव कमालपुर रोडान निवासी राजिंद्र मान ने भी पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि बीरू वाल्मीकि हत्याकांड को लेकर आवाज उठाने के बाद उन्हें वाट्सएप पर धमकी भरे संदेश और रिकॉर्डिंग भेजी गई। दूसरे मामले में न्यू वाल्मीकि कॉलोनी, हांसी रोड, गली नंबर-2 निवासी नसीब उर्फ सेठी ने पुलिस चौकी सदर बाजार में शिकायत दी। पिछले कई दिनों से इंस्टाग्राम पर त्रिशूल गैंग के सदस्यों की ओर से उन्हें धमकियां दी जा रही हैं और पैसे की मांग की जा रही है। शिकायत में नसीब ने बीरू वाल्मीकि हत्याकांड का भी जिक्र किया है।

विद्यार्थी परिषद 30 को करवाएगी प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

- विजेता 4 टीमों को नकद इनाम, ट्रॉफी व मेडल से पुरस्कृत किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला गुरुग्राम द्वारा 'खेलो भारत' के तहत मेजर ध्यानचंद जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक विशाल प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह खेल प्रतियोगिता रविवार, 30 अगस्त को भौंडसी स्थित केआईआईटी कॉलेज परिसर में आयोजित होगी। विद्यार्थी परिषद हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रमुख डॉ. योगिता राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता तथा टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश व क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों एवं खेल अकादमियों की टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी संजीत सिंह संजय व विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रिन्सी चाहर है। वहीं केआईआईटी संस्थाओं के चेयरमैन हर्ष कामराह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उद्घाटन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गुरुग्राम विभाग के विभाग सह-कार्यवाह संजीव सैनी व अभाविप, हरियाणा के प्रदेश मंत्री लव प्रताप राणा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला संयोजक हर्षिल यादव ने बताया कि विजेता 4 टीमों को नकद इनाम, ट्रॉफी व मेडल से पुरस्कृत किया जाएगा।

जाली पते पर सिम लेकर 26 राज्यों में युवाओं से साइबर ठगी

अंबाला (हरिभूमि न्यूज)। जाली पते और कागजातों के सहारे हासिल की गई एक मोबाइल सिम के जरिए देश के 26 राज्यों में ठगी हो गई। गृह मंत्रालय के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जब एक ही मोबाइल नंबर के खिलाफ शिकायतों का अंबार मिला तो अंबाला साइबर क्राइम थाना पुलिस के भी होश उड़ गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जब साइबर पुलिस की टीम अंबाला शहर के हीरा नगर (घेल रोड) स्थित मकान नंबर 77/17/2 पर 'सरप्राइज विजिट' के लिए पहुंची तो पता चला कि जिस मनोज कुमार के नाम पर यह सिम दर्ज है वह तो 2018 में ही यह मकान छोड़कर जा चुका है। जांच अधिकारी एएसआई जयदेव ने बताया कि शातिर आरोपी ने 20 फरवरी 2026 को वोडाफोन कंपनी से पुराने पते के पहचान पत्र का इस्तेमाल करके ई केवाईसी के जरिए नया सिम कार्ड जारी करवाया था। इसके बाद आरोपी ने 3 अप्रैल 2026 को अंबाला रेलवे रोड स्थित स्टोर से इसे दोबारा री-वेरीफाई कराया था। आरोपी इस सिम नंबर से बेरोजगार युवाओं को निशाना बनाता था और उन्हें मनचाही नौकरी का झांसा देकर लाखों की साइबर चपत लगाता था। पुलिस के अनुसार तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों से कुल 26 गंभीर शिकायतें दर्ज पाई गईं। साइबर फ्रॉड के इस बड़े खेल को लेकर साइबर क्राइम थाने ने आरोपी मनोज कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है।

70 हजार में भ्रूण लिंग जांच का सौदा, राजस्थान में करवाया टेस्ट

- दादरी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल को दबोचा, अल्ट्रासाउंड के बाद लड़का बताया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

भ्रूण लिंग जांच पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए कथित तौर पर इस अवैध गतिविधि में शामिल एक दलाल को काबू किया है। कार्रवाई के दौरान अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत भी सामने आए हैं। शिकायत मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार ने सिविल अस्पताल की चार सदस्यीय टीम गठित की। इसमें नोडल अधिकारी डॉ. हितेश के अलावा डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सपना और लिपिक राजू को शामिल किया गया। टीम ने योजना बनाकर एक महिला को डिकॉय के तौर पर तैयार किया और कथित दलाल अनीश से संपर्क कराया। बताया गया कि भ्रूण लिंग जांच के लिए 70 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। तय योजना के अनुसार जांच से पहले 20 हजार रुपये देने थे। कार्रवाई को पुख्ता करने के लिए टीम ने रकम के नोटों के सीरियल नंबर पहले ही दर्ज कर लिए थे।

रकम लेने के बाद अनीश महिला को राजस्थान के भिवाड़ी स्थित एक निजी अस्पताल ले गया। वहां कथित तौर पर फर्जी तरीके से अल्ट्रासाउंड कराया गया और बाद में महिला को गर्भ में लड़का होने की जानकारी दी गई। इसके बाद बकाया रकम की मांग की गई। इसी दौरान दादरी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया।

प्रवासियों को गाली देने पर निगम के अधिकारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

फरीदाबाद। प्रवासियों के बारे में गलत भाषा बोलने का एक ऑडियो वायरल होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। दावा किया जा रहा है कि ऑडियो में नगर निगम के एक अधिकारी ने प्रवासियों के बारे में अभद्र भाषा बोली है। मामले को लेकर एनआईटी से कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने प्रवासी समाज के लोगों के साथ नगर निगम कमिश्नर, डीसी और पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपकर कथित ऑडियो की जांच कराने और जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि एक ऑडियो वायरल होते हुए उन तक पहुंचा। जिसमें प्रवासियों को निगम का एक अधिकारी गाली दे रहा है। उन्होंने अफसर के तुरंत ट्रांसफर और सस्पेंशन की मांग की है। शर्मा ने कहा कि 30 अगस्त को भोजपुरी अवधी समाज के तत्वाधान में प्रवासियों की एक महापंचायत बुलाई है। इसमें सभी 6 विधायकों और 46 पार्षदों को निमंत्रण दिया जाएगा।

प्रस्ताव खाप चौधरियों ने डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन, उठाई मांग

लिव इन रिलेशनशिप के कानून को रद्द करवाए सरकार

- सोशल मीडिया पर गंद परोसने वालों पर केस दर्ज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

माजरा खाप पंचायत, कंडेला खाप पंचायत जींद, नौगामा खाप पंचायत ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा से मुलाकात की। खाप चौधरियों ने लिव इन रिलेशनशिप जैसे कानूनों को रद्द करने व कुछ को संशोधित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर गंद परोसने वाले लोगों पर केस दर्ज करवाने व प्रतिबंध लगाने की बात कही गई।

माजरा खाप प्रधान गुरविंद्र सिंह संधू, कंडेला खाप प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, नौगामा खाप प्रधान जयबीर ने कहा कि तीनों खापें जींद विधानसभा चुनाव क्षेत्र के तहत आती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लव मैरिज, लिव इन रिलेशनशिप, समलैंगिक, अश्लीलता पर सख्त कार्रवाई करे। विधानसभा में इन कानूनों पर चर्चा हो और लिव इन व समलैंगिक के लिए बनाए कानून को रद्द किया जाए। यह हिंदू संस्कृति व संस्कार का हिस्सा नहीं है। लव मैरिज पर गांव, गोहांड, सम गोत्र में शादी पर प्रतिबंध लगाया जाए और मां-बाप की सहमती ली जाए, अन्यथा शादी को अवैध माना जाए।

जींद। डिप्टी स्पीकर से बातचीत करते हुए खाप चौधरी।

सरकार के साथ जल्द होनी है बैठक

माजरा खाप पंचायत के प्रवक्ता समुन्द्र सिंह फोर ने बताया कि इन कानूनों पर 18 अगस्त को मुख्यमंत्री से खाप पंचायतों की 31 सदस्य कमेटी की बैठक हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी को खाप पंचायतों की बातें सुनने के लिए नियुक्त किया गया है। 23 अगस्त को बेदी से खाप पंचायतों ने मुलाकात की सहमति भी की। शीघ्र ही सरकार कानूनविद व अधिकारियों से खाप पंचायतों की बैठक का आयोजन करेंगी और इन कानूनों पर गहनता से अध्ययन करेंगी। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह सहारण, रणबीर नंबरदार, बिंदर नंबरदार, दीपक सरपंच सहित अन्य खाप नेता मौजूद रहे।

खिलाड़ी के यौन शोषण व आत्महत्या में 3 साल जेल काट चुका कोच बरी

- 2023 में नाबालिग बैडमिंटन खिलाड़ी ने लगाया था फंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत की फास्ट ट्रैक (पॉक्सो) कोर्ट ने नाबालिग बैडमिंटन खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए उकसाने और यौन शोषण के आरोपी कोच अमित मलिक को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों में पाई गई गंभीर विसंगतियों के आधार पर यह फैसला सुनाया। यह जानकारी देते हुए अमित मलिक के एडवोकेट तरूण शर्मा ने बताया कि इस मामले में बड़ी बात है कि अमित मलिक मामले के बाद से 3 साल 8 दिन तक न्यायिक हिरासत में जेल भी काट चुका है। मामला 21 मई 2023 का है, जब पानीपत स्थित अपने घर में 11वीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था।

सरकार ने कहा, चीनी की खुदरा कीमतों में नरमी आनी शुरू

चीनी मिलों को सितंबर से पखवाड़े के हिसाब से बिक्री कोटा, कीमतों में नरमी आई: मंत्रालय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि चीनी की खुदरा कीमतों में नरमी आनी शुरू हो गई है और मिल स्तर पर कीमतें पिछले कुछ दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट चुकी हैं। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कृत्रिम किल्लत रोकने के लिए सितंबर से मिलों को पखवाड़े के हिसाब से बिक्री कोटा दिया जाएगा। फिलहाल खाद्य मंत्रालय चीनी मिलों को बिक्री के लिए मासिक कोटा आवंटित करता है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर करीबी नजर रख रहा है तथा देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। बयान के मुताबिक, चीनी मिलों में मौजूद स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया गया। इसमें कुछ मिलों के पास मासिक रिटर्न में घोषित मात्रा से अधिक भंडार पाया गया, जबकि कुछ मिलों ने उन्हें आवंटित मासिक कोटे से कम चीनी बेची।

कीमतें पिछले कुछ दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट चुकी

सरकार कृत्रिम किल्लत रोकने सितंबर से उठाएगी कदम

माह के अंत में उठान से दाम बढ़े

कुछ मामलों में महीने की शुरुआत में मिलों द्वारा बेची गई चीनी की आपूर्ति या खरीदारों द्वारा उठान महीने के अंत में किया जा रहा था। इससे बाजार में कृत्रिम किल्लत की स्थिति पैदा हुई। मंत्रालय ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए सितंबर से पखवाड़े के आधार पर कोटा व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत मिलों को पहले सप्ताह में आवंटित मात्रा की कम-से-कम 40 प्रतिशत चीनी बेचनी होगी और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।

जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त भंडार हो सकता है जारी

इस पहल से मांग और आपूर्ति की स्थिति पर बेहतर नजर रखने, बाजार परिस्थितियों में बदलाव के अनुरूप तेजी से कदम उठाने और कृत्रिम किल्लत रोकने में मदद मिलेगी। जरूरत पड़ने पर बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त भंडार जारी किया जा सकेगा। मंत्रालय ने कहा कि मिलों को बिक्री के सात दिन के भीतर चीनी की मिल से आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

10 लाख टन कच्ची चीनी आयात की अनुमति

मंत्रालय ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने हाल में कई कदम उठाए हैं। इनमें 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के आयात की अनुमति और डीलरों एवं पेय पदार्थ विनिर्माताओं जैसे थोक उपभोक्ताओं पर भंडार सीमा लगाना शामिल है। चीनी के निर्यात पर कुछ महीने पहले ही रोक लगाई जा चुकी है।

बदलाव का असर जल्द आएगा नजर

मंत्रालय ने कहा कि इन कदमों के बाद मिल स्तर पर चीनी की कीमतें हाल के दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट गई हैं और खुदरा कीमतों में भी नरमी शुरू हो गई है। आपूर्ति श्रृंखला में कीमतों में बदलाव का असर होने के कारण खुदरा कीमतों में भी जल्द गिरावट आने की उम्मीद है।

चीनी की किल्लत नहीं घबराकर खरीदारी

मंत्रालय ने कहा कि मिल स्तर और खुदरा कीमतों में गिरावट का रुख बताता है कि हाल की तेजी मुख्य रूप से 'जमाखोरी और सट्टेबाजी' का नतीजा थी। उसने कहा कि देश में चीनी की कोई किल्लत नहीं है और घबराकर खरीदारी करने या जरूरत से ज्यादा भंडार रखने का कोई औचित्य नहीं है। अक्टूबर से शुरू होने वाले नए विपणन सत्र 2026-27 के लिए गन्ने की पेराई 15 अक्टूबर से शुरू होगी। अक्टूबर में 10 लाख टन से अधिक चीनी उत्पादन होने की उम्मीद है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12.42 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 12.42 अरब डॉलर बढ़कर 729.33 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 9.90 अरब डॉलर बढ़कर 716.91 अरब डॉलर रहा था। इससे पहले भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड 728.49 अरब डॉलर था। जो 27 फरवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में दर्ज किया गया था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 21 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 9.48 अरब डॉलर बढ़कर 591.33 अरब डॉलर हो गईं।

एलुडेकोर ने वैश्विक रिमोट एक्सेस के साथ मौसम के अनुकूल इंटेलिजेंट लूवर्स लॉन्च किए

कोलकाता। जैसे-जैसे इमारतों में बड़े, कांच के फ्रैकेड का उपयोग बढ़ता जा रहा है, ऊष्मा प्रवेश, चकाचौंध और आंतरिक आराम का प्रबंधन आधुनिक भवन डिजाइन में एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है। इस आवश्यकता को पूरा करते हुए, भारत की अग्रणी एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल और फ्रैकेड उत्पाद निर्माताओं में से एक, एलुडेकोर ने एलुब्रीज इंटेलिजेंट लूवर्स का अनावरण किया है, जो भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित इंटेलिजेंट लूवर सिस्टम है जिसे दुनिया में कहीं से भी नियंत्रित किया जा सकता है और यहां तक कि भवन के फ्रैकेड को बदलते पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुकूल बनाया जा सकता है।एलुब्रीज इंटेलिजेंट लूवर्स मौसम को महसूस कर सकते हैं, प्रतिक्रिया कर सकते हैं और समायोजित कर सकते हैं। मोटरयुक्त धातु सन लूवर सिस्टम सूर्य की रोशनी, बारिश और हवा जैसे पर्यावरणीय कारकों का उपयोग करके लूवर की स्थिति को स्वचालित रूप से समायोजित करता है, जिससे सौर विकिरण, चकाचौंध और मौसम की स्थितियों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और भवन मालिकों और सुविधा टीमों को अग्रभाग संचालन पर अधिक नियंत्रण मिलता है।

टाटा मोटर्स की नई ब्रांड पहचान 'टाटा.कार्स' पेश

मुंबई। घरेलू वाहन कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) ने अपने यात्री वाहन कारोबार के लिए नई ब्रांड पहचान ''टाटा.कार्स'' पेश की। टाटा समूह की कंपनी ने कहा कि इस ब्रांड के तहत उसके हैचबैक, सेडान, प्रीमियम एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहन पोर्टफोलियो को एक साझा पहचान दी जाएगी। टीएमपीवी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने कहा, “”भारत की पहली स्वदेशी कार से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन खंड की अगुवाई करने और सुरक्षा को आम बनाने तक, हमने लगातार सीमाओं को चुनौती दी।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अजय कुमार, पुत्रः श्री राम कुमार, पताः वीपीओ गोपालपुर, ज़िला सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 65/12, U/s 33 Delhi Excise Act थानाः शाहबाद डेरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 65/12, U/s 33 Delhi Excise Act थानाः शाहबाद डेरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12046/ON/2026
(Court Matter)

विनिर्माण कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत बढ़ी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के बीच वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों का कच्चे माल पर खर्च सालाना आधार पर 27.5 प्रतिशत बढ़ गया। हालांकि, कंपनियां उत्पादों की कीमत तय करने की अपनी क्षमता बनाए रखने में सफल रहीं और उनका लाभ भी बढ़ा।

सेंसेक्स 331 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

आईटी शेयरों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार दो दिन की गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 331 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 85 अंक चढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 330.92 अंक बढ़कर 77,264.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 424.38 अंक बढ़कर 77,357.97 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 84.80 अंक की बढ़त के साथ 24,175.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाइटन और इटर्नल के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयरों में गिरावट रही।

एआई से जुड़े निवेश को लेकर उम्मीद मजबूतः जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी शेयरों में मजबूत बढ़त से भारतीय शेयर बाजार ऊंचे स्तर पर बंद हुए। एनवीडिया के मजबूत तिमाही नतीजों और सकारात्मक परिदृश्य से आईटी क्षेत्र को समर्थन मिला, जिससे कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े निवेश को लेकर उम्मीद मजबूत हुई।

यूपीआई आने से कैश निकालना भूले लोग, गायब हो रहे मोहल्ले से एटीएम, बैंकों पर मार

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक समय था जब पैसे निकालने के लिए लोग अपने घर के आसपास एटीएम ढूंढते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। मोहल्लों और बाजारों में नजर आने वाले कई एटीएम धीरे-धीरे अब कम हो रहे हैं। इसकी बड़ी वजह लोगों की बदलती पेमेंट की आदतें हैं। यूपीआई के ज्यादा इस्तेमाल ने कैश की जरूरत काफी कम कर दी है, जिसका असर एटीएम नेटवर्क पर भी दिखाई दे रहा है। भारत में एटीएम और कैश रीसाइक्लर मशीनों की संख्या लगातार तीसरे साल कम हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के हिसाब से जुलाई 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 में देश में 2,18,815 एटीएम और कैश रीसाइक्लर मशीनें थीं। मार्च 2026 तक इनकी संख्या कम होकर 2,09,331 हो गई। जुलाई 2026 में संख्या थोड़ी ज्यादा होकर 2,09,812 हुई, लेकिन फिर भी मार्च 2024 के मुकाबले करीब 9 हजार मशीनें कम हैं। सिर्फ एटीएम की संख्या ही नहीं कम हुई, बल्कि लोग इनका इस्तेमाल भी कम कर रहे हैं। मार्च 2024 में एटीएम और कैश रीसाइक्लर से 2.77 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन हुए थे। जुलाई 2026 में ये रकम कम होकर 2.20 लाख करोड़ रुपए रह गई। यानी दो साल से कुछ ज्यादा समय में इसमें 20 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई हैं। अब छोटे बड़े कई दुकानों पर भी यूपीआई से आसानी से पेमेंट हो जाता है। लोगों को रोजमर्रा के खर्च के लिए जेब में ज्यादा कैश रखने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी बदलाव का असर एटीएम के इस्तेमाल पर दिख रहा है। जब मशीनों पर कस्टमर्स का आना जाना और लेनदेन कम होते हैं, तो बैंकों के लिए हर जगह एटीएम बनाए रखना भी पहले जितना जरूरी नहीं रह जाता।

पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–112 के लिए खुली ई निविदा सूचना, दिनांक 27.08.2026, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (कर्षण), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–112, कार्य का नाम** : मालदा टाउन मंडल–अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में सीडी 1050 मिमी वाले मौजूदा इंसुलेटरों की तुलना में 1600 मिमी की सीडी वाले कम्पोजिट इंसुलेटर प्रदान करते हुए ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 2,35,42,854.28, **बयाना राशिः** रु. 4,70,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य** : शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 07.09.2026 से 21.09.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-180/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
ए-ब्लॉक, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन क्रमांक : एनआईसी/एसटीए/2026/2

पहले के विज्ञापन नंबर NIC/STA/2026/2 के संदर्भ में, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) वेतन स्तर-6 (₹35400 - ₹112400) में इच्छुक उम्मीदवारों से वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-'ए' (समूह 'बी', गैर-राजपत्रित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पद) के पद पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

2. वे उम्मीदवार जिनके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और वर्ष 2024 / 2025 / 2026 के लिए वैध GATE स्कोर हैं, वे निम्नलिखित विषयों में आवेदन करने के पात्र हैंः
   (i) कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस);
   (ii) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ईसी); और
   (iii) डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डीए).
3. विस्तृत विज्ञापन NIC की वेबसाइट https://recruitment.nic.in पर उपलब्ध होगा।
4. एनआईसी बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया में संशोधन / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
5. कोई भी अतिरिक्त जानकारी/संशोधन/परिशिष्ट केवल एनआईसी भर्ती वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

CBC-06106/11/0003/2627

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

चांदी के 77 लाख से अधिक आभूषणों को मिला हॉलमार्क

नई दिल्ली (एजेंसी)। चांदी के 77 लाख से अधिक आभूषणों और कलाकृतियों पर पिछले साल सितंबर से छह अंकों वाली विशिष्ट पहचान संख्या (एचयूआईडी) अंकित की जा चुकी है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने यह जानकारी दी। बीआईएस के अनुसार, चांदी पर हॉलमार्किंग के मामले में दक्षिणी राज्य सबसे आगे हैं। बीआईएस ने एक बयान में कहा कि एक सितंबर, 2025 को चांदी के लिए एचयूआईडी पोर्टल शुरू किए जाने के बाद अब तक 77 लाख से अधिक चांदी के आभूषणों पर एचयूआईडी अंकित किया जा चुका है।

टेम्पसेंस का शेयर पहले दिन करीब 96 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लि. का शेयर शुक्रवार को कारोबार के पहले दिन 300 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 96 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही तापमान मापने और ताप संबंधी समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड इस साल अब तक सबसे अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध होने वाली कंपनी बन गई है। बीएसई में कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 110.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 631.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के दौरान यह 111.66 प्रतिशत तक उछलकर 635 रुपये पर पहुंच गया था। अंत में शेयर 95.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 586.80 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में शेयर 111.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 634 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 95.55 प्रतिशत चढ़कर 586.65 रुपये पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,919.30 करोड़ रुपये रहा।

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान – भारत
भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का स्वायत्तशासी संस्थान
अमरापुर, महुड़ी रोड, गांधीनगर, गुजरात-382650
फोनः 02764 261134;वेबः www.nif.org.in

विज्ञापन सं. 02/2026

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत (NIF) से सीधी भर्ती के द्वारा योग्य भारतीय नागरिकों से वैज्ञानिक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

पद का नाम	पदों की संख्या	श्रेणी-वार रिक्ति विवरण	वेतन स्तर (7वें CPC के अनुसार)	आयु सीमा
वैज्ञानिक 'D'	01	अनरक्षित - 01	12	अधिकतम 40 वर्ष
वैज्ञानिक 'C'	04	अनरक्षित 01, अनुसूचित जाति - 01, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) - 02	11	अधिकतम 35 वर्ष
वैज्ञानिक 'B'	05	अनरक्षित 04, अन्य पिछड़ा वर्ग - 01 (नॉन-क्रीमी लेयर)	10	अधिकतम 35 वर्ष

आवेदन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश जैसे विस्तृत शैक्षणिक योग्यता (आवश्यक एवं वांछनीय), अनुभव मानदंड, आयु सीमा, और अन्य सामान्य नियमों व शर्तों की पूरी जानकारी के लिए कृपया राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (NIF) की आधिकारिक वेबसाइट https://nif.org.in/careers तथा हमारे आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (X, Facebook, एवं LinkedIn) का अवलोकन करें।

उपरोक्त पद के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी।

निदेशक,
रा.न.प्र. - भारत

CBC-36118/11/0001/2627

राशिफल

मेष — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

भारत का टायर निर्यात पहली तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश का टायर निर्यात चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 7,700 करोड़ रुपये रहा। वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने और कच्चे माल तथा लॉजिस्टिक की बढ़ी लागत के बावजूद टायर निर्यात बढ़ा है।

वाहन टायर बनाने वाली कंपनियों का संगठन एटीएमए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एटीएमए (ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) ने वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि टायर का निर्यात मूल्य वित्त वर्ष 2025-26 में 27,312 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। इसके बाद अब अप्रैल-जून 2026 में भी टायर निर्यात का प्रदर्शन मजबूत रहा है। संघ ने कहा कि व्यापार समझौतों के जरिये बाजार तक बेहतर पहुंच और अनुकूल निर्यात नीतियों से उद्योग इस गति को बनाए रख सकता है तथा वैश्विक टायर विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हो सकती है। एसोसिएशन के अनुसार, पैसेंजर कार रेडियल (पीसीआर) टायर के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई और पहली तिमाही में इसका निर्यात मूल्य के लिहाज से 21 प्रतिशत बढ़ा है।

गोल्ड लोन ने देश के दो परिवारों को बनाया अरबपति

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में सोने को अक्सर लोग मुश्किल समय की बचत मानते हैं, लेकिन इसी सोने ने दो भारतीय परिवारों के लिए अरबों डॉलर की दौलत खड़ी कर दी। गोल्ड लोन के ज्यादा बिजनेस ने मुथूट फाइनेंस और मणप्पुरम फाइनेंस को देश की बड़ी गोल्ड लोन कंपनियों में शामिल कर दिया है। इन कंपनियों के पीछे खड़े परिवारों की जायदाद भी अब अरबों डॉलर में पहुंच चुकी है। मुथूट फाइनेंस के जॉर्ज अलेक्जेंडर मुथूट और उनके परिवार की जायदाद करीब 9.9 अरब डॉलर है।

ओला का इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

नई दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक ने अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ओला एस1जेड लॉन्च कर दिया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 79,999 रुपए तय की गई है। यह स्कूटर दो वेरिएंट में उपलब्ध है। इसमें क्रूज कंट्रोल, रिवर्स मोड, रीजेनरेटिव ब्रेकिंग और ओवर-द-एयर अपडेट जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं।

शब्द पहेली - 6331



बाएँ से दाए-
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली - 6330 का हल





कांग्रेस नेता की किताब बिलॉन्गिंग पर मचा घमासान

'पेंगुइन' ने सोनिया की आत्मकथा का प्रकाशक होने से किया इनकार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

- किताब में इटली के बचपन से भारत के सियासी सफर तक की दास्तान
- कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने निशाना साधा
- कहा-'अभिव्यक्ति की आजादी की हत्या' के समान

'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' ने शुक्रवार को कहा कि वह कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' का भारत में प्रकाशक नहीं है। हालांकि वह इसके प्रकाशन को लेकर उत्सकु था, लेकिन तथ्यों की जांच करना और लेखकों को सुझाव देना उसका ''विशेषाधिकार और जिम्मेदारी'' है। वहीं, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी की आत्मकथा से प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मौजूदा सरकार के दौरान 'चीन द्वारा भारतीय भूभाग पर किए गए कब्जे' से संबंधित अंश हटाने के लिए प्रकाशक पर दबाव डाला गया। उन्होंने कहा कि यह 'अभिव्यक्ति की आजादी की हत्या' के समान है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया भारत में 'बिलॉन्गिंग' का प्रकाशक नहीं है। यह कहना परिस्थितियों की सही तरीके से प्रस्तुति नहीं है कि लेखिका द्वारा संपादकीय बदलावों को स्वीकार करने से इनकार करने के कारण पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने इसे प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया।'' कंपनी ने कहा कि वह पुस्तक प्रकाशित करने के लिए ''इच्छुक और उत्सुक'' थी, लेकिन लेखकों के साथ तथ्यों की जांच करना और उन्हें सुझाव देना प्रकाशन प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा होने के साथ-साथ उसका ''विशेषाधिकार और जिम्मेदारी'' है। उसने कहा कि संबंधित चर्चाओं के दौरान पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया का रुख यही था कि हम पुस्तक प्रकाशित करने के लिए इच्छुक और उत्सुक बने हुए हैं। हम लेखिका के साथ हुई गोपनीय बातचीत पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।'' पेंगुइन का यह बयान एक अंग्रेजी दैनिक अखबार की उस रिपोर्ट के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि सोनिया गांधी द्वारा पांडुलिपि में संपादकीय बदलाव करने से इनकार किए जाने के बाद प्रकाशक पीछे हट गया। अमेरिकी प्रकाशक 'अल्फ्रेड ए. नॉफ' ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। अल्फ्रेड ए. नॉफ, पेंगुइन रैंडम हाउस का ही एक प्रकाशन संस्थान है।

अमेजन पर ई-बुक संस्करण 2,615 में प्री-ऑर्डर पर उपलब्ध

ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन के एक पेज पर पुस्तक का ई-बुक संस्करण 2,615 रुपये में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध दिखा। वेबसाइट के अनुसार, ई-बुक का प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स यूके का एक प्रकाशन संस्थान 'विलियम कॉलिंस' है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने 'एक्स' पर आरोप लगाया कि पेंगुइन की वैश्विक प्रकाशन कंपनी पुस्तक को मूल रूप में दुनियाभर में प्रकाशित करने के लिए तैयार है, जबकि भारत में इसे जारी करने से पहले बदलाव कराने की कोशिश की जा रही है।

तिलक नगर मर्डर केस में एक्शन, पुलिस ने पैर में तीन मारी गोली

मॉडल मुस्कान के कातिल इमरान का पुलिस ने किया एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में मुस्कान मर्डर केस में पुलिस ने आरोपी इमरान का एनकाउंटर कर दिया है। गुरुवार की आधी रात को दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ की टीम और मुस्कान की हत्या के वांटेड बदमाश इमरान के साथ राजौरी गार्डन इलाके में मुठभेड़ हो गई। इस एनकाउंटर में आरोपी इमरान के पैरे में पुलिस की तीन गोली लगी है। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया। स्पेशल स्टाफ को आरोपी बदमाश इमरान के आने की सूचना मिली थी। इसके बाद स्पेशल स्टाफ की टीम ने ट्रैप लगाया था। जैसे ही इमरान राजौरी गार्डन के नाला रोड पर आया, उसी दौरान उसने पुलिस को देखते ही फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने पैर में गोली मार कर उसे पकड़ा।

एनकाउंटर वाली जगह पहुंची एफएसएल टीम



एनकाउंटर के बाद फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी यानी एफएसएल टीम भी राजौरी गार्डन स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने मौके से वैज्ञानिक और बैलिस्टिक सबूत जुटाने का काम शुरू किया। जांचकर्ताओं ने घटनास्थल की मैपिंग की और बरामद सामग्री को जांच के लिए सुरक्षित किया। एफएसएल टीम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मुठभेड़ के दौरान कितनी गोलियां चलीं और पुलिस और आरोपी की ओर से किस तरह फायरिंग हुई। घटनास्थल से मिले कारतूस और अन्य सामान को जांच के लिए भेजा जा रहा है। इन सबूतों से पुलिस की एनकाउंटर की पूरी कार्रवाई को जांच में शामिल करने में मदद मिलेगी।

पंजाबी इन्फ्लुएंसर की किडनैप कर हत्या



- दो युवकों ने पहले बुलाया, जबरन गाड़ी में ले गए
- पहले पीटा और फिर पेड़ पर बांधकर जला दिया

चंडीगढ़। चंडीगढ़ से लेडी पंजाबी इन्फ्लुएंसर को किडनैप कर उसकी हत्या कर दी गई। 2 युवकों ने उसे मिलने के बहाने बुलाया और जबरन गाड़ी में डालकर मोरिंड की तरफ ले गए। जहां रास्ते में पहले उन्होंने पंजाबी इन्फ्लुएंसर मनजीत कौर की पिटाई की। फिर उसे शहतूत के पेड़ पर बांधकर जला दिया। किसी जानकार ने कंबल से आग बुझाकर मनजीत को मोरिंडा के अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे पहले मोहाली और फिर चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती कराया गया। जहां करीब 2 महीने तक वह बेहोश पड़ी रही। होश आने पर उसने परिवार को कहानी बताई। 26 अगस्त को उसने दम तोड़ दिया।

मोदी आज से उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान दौरे पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अहम विदेश यात्राओं पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि प्रधानमंत्री 29 से 30 अगस्त तक उज्बेकिस्तान की यात्रा करेंगे। इसके बाद 31 अगस्त से 1 सितंबर तक वह किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में रहेंगे जहां एससीओ में भाग लेंगे। सिबी जॉर्ज के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 29 और 30 अगस्त को उज्बेकिस्तान जाएंगे। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पिछले कई वर्षों से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर व्यापक और सार्थक संवाद रहा है।

कानपुर में आंगन 25 फीट धंसा, गिरकर लड़की की मौत

सात घंटे फंसी रही 60 जवानों ने गड्ढा खोदकर निकाला

कानपुर। उप्र के कानपुर में सुबह 6:40 बजे घर का आंगन अचानक धंसने से 25 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से लड़की को मौत हो गई। 7 घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे बाहर निकाला गया। अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रक्षाबंधन के दिन 18 साल की यशी सविता नहाकर बाथरूम से बाहर निकली थी। जैसे ही आंगन की तरफ बढ़ी तो जमीन धंस गई। वह नीचे मौजूद बोरिंग में समा गई। हादसे के वक्त घर में बड़ी बहन थी। मां-बाप घर से 200 मीटर दूर भैंस बांधने गए थे। बहन ने पहले रस्सी डालकर उसे निकालने की कोशिश की। इतनी देर में मिट्टी और धंस गई। बहन घर से बाहर भागी। मां-बाप व पड़ोसियों को बुलाया। पुलिस को सूचना दी। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम पहुंची। 60 जवानों की रेस्क्यू टीम ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

नशे में कॉलोनी में जाने से रोका तो गार्ड के सिर पर चढ़ा दी कार

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶ इंदौर

गार्ड धर्मेंद्र, आरोपी राजा और सेजल।

- इंदौर में प्रेमिका संग कार से आए युवक ने घटना को दिया अंजाम
- गार्ड की पत्नी व भांजा चपेट में आया, भांजे के पैर में लगी चोट

आगरा-मुंबई बायपास स्थित ला एक्सोटिका कालोनी में प्रेमिका के साथ कार से पहुंचे युवक को गार्ड ने जाने से रोका तो उससे मारपीट की और कुछ देर बाद कार से कुचल दिया। आरोपित ने पहली टक्कर के बाद भी कार रोकी नहीं, बल्कि रिवर्स लेकर उसके सिर पर कार चढ़ा दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चौकीदार की पत्नी और भांजा भी कार की चपेट में आए। एडिशनल डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह के मुताबिक घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन कॉलोनी ला एक्सोटिका की है। खातेगांव (देवास) के राजौर निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र रामचंद्र मालवीय यहां चौकीदारी करता था। देर रात नीले रंग की कार कालोनी के गेट पर आकर रुकी। धर्मेंद्र अपनी पत्नी ज्योति और भांजे गोविंद के साथ खाना खा रहा था। कार में एक युवती भी थी और दोनों नशे में थे। धर्मेंद्र ने कार अंदर ले जाने से रोका तो वह भड़क गया। पत्नी ज्योति और भांजा गोविंद बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी धमकाया गया। इसके बाद आरोपित चला गया, थोड़ी देर में तेज रफ्तार से लौटा और घटना को अंजाम दिया।

दिल का दौरा पड़ने से जान जाने की आशंका

असम : जिम में डॉक्टर की व्यायाम करते समय मौत

नागांव(भाषा)। असम के नागांव मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के एक डॉक्टर की स्थानीय जिम में व्यायाम करते समय मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शहर के डिमोरुगुरी इलाके के एक जिम में हुई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में 50 वर्षीय शाहीन अहमद को व्यायाम करते समय अचानक गिरते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि जिम में मौजूद लोग अहमद की मदद के लिए दौड़े और उन्हें पानी दिया, लेकिन डॉक्टर की मौके पर ही संभवतः दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारणों का खुलासा होगा।

वड़िंग को दरकिनार करने पर चन्नी से हाईकमान नाराज

- बाबा बकाला में अपनाई अलग राह, सजाई स्टेज
- अमृतपाल के पिता की पोस्ट शेयर करने से मचा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

चरणजीत चन्नी लगातार पार्टी लाइन से अलग चल रहे हैं, जिससे कांग्रेस हाईकमान बेहद नाराज है। राहुल गांधी अब जल्दी ही चन्नी और उनके साथ चल रहे नेताओं के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं। चन्नी अब सूबे में अलग रैलियां करने लगे हैं। चन्नी की रैलियों में प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को दूर रखा जा रहा है। चन्नी गुट ने पहले लुधियाना में कांग्रेस की रैली की और उसमें चरणजीत सिंह चन्नी को बुलाया।

उस रैली में भी प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग दूर रहे। अब चन्नी गुट के नेताओं ने बाबा बकाला में रैली रखी और उसमें भी चन्नी को बुलाया था। वड़िंग, प्रताप बाजवा व अन्य नेताओं को न्योता था लेकिन वह शामिल नहीं हुए। दरअसल स्टेज के बैकड्रॉप पर राहुल, खड़गे के साथ चन्नी की फोटो बड़ी लगी थी। राजा वड़िंग की फोटो अन्य नेताओं के साथ छोटी सी लगी थी।

चिंतन

पाक जासूसों की घरों में घुसपैठ रोकनी होगी

सीमा पार से जासूसी का चेहरा तेजी से बदल रहा है। कभी किसी विदेशी एजेंट को वर्षों तक तैयार किया जाता था, गुप्त मुलाकातों के जरिए सूचनाएं हासिल की जाती थीं और उन्हें सीमा पार पहुंचाने के जटिल रास्ते तलाशे जाते थे। अब इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों ने इस पूरी प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया है। विदेश में बैठा कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक से लगातार संपर्क कर सकता है, उसकी गतिविधियों को समझ सकता है और छोटी रकम या किसी दूसरे लालच के जरिए उसे अपने नेटवर्क में शामिल कर सकता है। अब यह खतरा घरों तक भी पहुंच गया है। दिल्ली में एक दंपति की गिरफ्तारी से पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क का जो खुलासा हुआ है, उसने इसी बदलते खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, दोनों वर्ष 2024 से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। उन पर आठ भारतीय सिम कार्ड दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने, संवेदनशील सूचनाएं जुटाने और दूसरे लोगों को जासूसी गतिविधियों से जोड़ने में मदद करने के आरोप हैं। इन नंबरों से वहां सामाजिक माध्यमों पर खाते सक्रिय किए गए और भारत में लोगों से संपर्क साधने की कोशिश हुई। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह दूरसंचार व्यवस्था की कमजोरियों पर भी सवाल खड़ा करेगा। किसी व्यक्ति की पहचान पर जारी मोबाइल नंबर का दूसरे देश में संदिग्ध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद संभावित छेद का संकेत है। हालांकि असली चुनौती उन लोगों तक पहुंचने की है जो सीमा पार बैठकर इस तरह के नेटवर्क को संचालित करते हैं। पैसा कौन भेज रहा था? संपर्क किसने स्थापित किया? भारतीय नागरिकों को किस तरह चुना गया? किन सूचनाओं की मांग की गई? इन सवालों के जवाब पूरे नेटवर्क की तस्वीर सामने ला सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को दूसरे लोगों की भर्ती का काम सौंपा गया था तो यह संकेत है कि नेटवर्क एक-दो लोगों तक सीमित नहीं हो सकता। इसलिए जांच को स्थानीय संपर्कों से आगे बढ़ाकर पूरे आर्थिक और डिजिटल तंत्र तक पहुंचना होगा। किसी दूसरे के लिए सिम लेना, कुछ रुपये के बदले जानकारी देना या सैन्य प्रतिष्ठान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी साझा करना देखने में छोटा काम लग सकता है, लेकिन यही छोटी कड़ियां बड़े जासूसी नेटवर्क को मजबूत करती हैं। इसलिए नागरिकों को भी समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है। सैन्य छावनियों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी जानकारी को लेकर विशेष सावधानी की जरूरत है। सोशल मीडिया पर अनजाने लोगों से होने वाले संपर्कों को सामान्य मानकर छोड़ देना भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए स्थानीय मददगारों को पकड़ना बेहद जरूरी है, लेकिन सीमा पार बैठे संचालकों तक पहुंचना उससे भी ज्यादा जरूरी है। देश की सीमाओं की रक्षा हथियारों से होती है, लेकिन उसकी आंतरिक सुरक्षा सतर्कता से मजबूत होती है। पाकिस्तान में बैठे कथित संचालक यदि भारतीय नागरिकों को माध्यम बनाकर देश के भीतर पहुंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं तो हर सिम, हर संदिग्ध संपर्क और हर आर्थिक लेन-देन की कड़ी को गंभीरता से लेना होगा। जासूसी का नेटवर्क जितना चुपचाप घरों तक पहुंचने की कोशिश करेगा, सुरक्षा व्यवस्था को उतनी ही तेजी से उसके रास्ते बंद करने होंगे। सीमा पर चौकसी के साथ अब घर की चौखट पर भी पहरा जरूरी है। घरों में पाकिस्तानी जासूसों की घुसपैठ रोकनी होगी, तभी पाक जासूसी के नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सकेगा।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

आमजन के लिए मुश्किलें बढ़ाती महंगाई

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी।

इन दिनों महंगाई पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भारत में महंगाई बढ़ने से आम आदमी के जीवन की मुश्किलें बढ़ने संबंधी चिंताएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 27 अगस्त को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण ऊंची ऊर्जा कीमतों और अलनीनो से प्रभावित कमजोर मानसून की चुनौतियों की वजह से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत में खुदरा महंगाई (सीपीआई) के बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2026 में भारतीय बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मौसम की अनिश्चितता और फसल प्रभावित होने से चीनी के खुदरा भाव ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। सीमित आपूर्ति के कारण प्याज के दाम पिछले साल की तुलना में तेजी से बढ़े हैं। इसके अलावा सरसों तेल, रिफाइंड तेल और दालों के दाम भी ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं। त्योहारों के मौसम में मांग बढ़ने, चारे की लागत और परिवहन खर्च में वृद्धि के कारण दूध, मिठाइयों, पैकबंद खाद्य पदार्थों और पैक्ड चाय की कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। यह परिदृश्य स्पष्ट संकेत देता है कि कमजोर मानसून और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें आने वाले महीनों में आम नागरिक के बजट पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.45 प्रतिशत हो गई है, जो जून में 4.38 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य से ऊपर बना हुआ है। महंगाई में इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें हैं। निश्चित रूप से खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की थाली महंगी हो गई है। जीवन निर्वाह लागत बढ़ गई है। क्रिसिल की अगस्त 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2026 में घर पर बनने वाली शाकाहारी थाली की औसत लागत सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 29.1 रूपए हो गई। यह पिछले 7 महीनों का उच्चतम स्तर है। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत 9 प्रतिशत बढ़कर 58.3 रुपये पर पहुंच गई। थाली महंगी होने का मुख्य कारण प्याज, खाद्य तेल और रसोई गैस की दरों में वृद्धि है। इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल और कमजोर मानसून की चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0

प्रतिशत कर दिया है। जहां खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में कुछ वृद्धि के संकेत हैं, वहीं अन्य क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने के संकेत नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मानसून, अलनीनो और पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से खाने-पीने की वस्तुएं और ईंधन महंगे हो सकते हैं। निसंदेह अब ऊंची ऊर्जा लागत, अलनीनो और कमजोर मानसून के कारण महंगाई की चिंता बढ़ती जा रही है। इससे कृषि पर मंडराता खतरा भी दिखाई दे रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक जून-सितंबर के बीच देश में सामान्य वर्षा के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई है। इस स्थिति के पीछे अल-नीनो प्रभाव को मुख्य कारण माना जा रहा है, जिसने मानसून की गति को धीमा कर दिया है। शुरुआत में कम बारिश और मिट्टी में नमी की कमी के कारण इस वर्ष खरीफ फसलों की बुआई का कुल रकबा प्रभावित हुआ है। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं, वहां फसलों के सूखने का जोखिम काफी बढ़ गया है। बारिश की लगातार कमी से मिट्टी में नमी का स्तर घट रहा है। इससे न केवल कुल खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है, बल्कि किसानों की आय प्रभावित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल दबाव पड़ सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जुलाई की शुरुआत से लेकर अब तक महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के कारण आर्थिक दबाव से आम जनता को राहत देने और बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यावहारिक रणनीतियां अपनाई हैं। खाद्य पदार्थों और ईंधन के दामों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं के राष्ट्रीय बफर स्टॉक का उपयोग किया जा रहा है। खुले बाजार में कृषि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर कीमतों को थामने का सीधा प्रयास किया जा रहा है। महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारियों के लिए औद्योगिक महंगाई भत्ते की संशोधित दरों की घोषणा की गई है। वित्तीय बाजार में नकदी के संतुलन को बनाए रखने और अत्यधिक मांग से मूल्य वृद्धि रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक समीक्षा के तहत नकदी प्रवाह पर सख्त नियंत्रण रखा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और फसलों की बुआई की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि आने वाले समय में खाद्यान्न की कमी न हो और कीमतों में उछाल को रोका जा सके। वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों से ईंधन और आयातित वस्तुओं पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए व्यापारिक रणनीतियों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। संभावित मुद्रास्फीति के दबाव को देखते हुए आवश्यक उपभोग योग्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का खाका तैयार किया गया है। वहीं, सरकार आगामी महीनों में अलनीनो तथा कमजोर मानसून की चुनौतियों से निपटने के लिए भी सावधानी और सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। सरकारी गोदामों से गेहूं, चावल और दालों को उपयुक्त रूप से खुले बाजार में जारी किया जाना होगा, ताकि त्योहारी सीजन में आपूर्ति बनी रहे। प्याज, टमाटर और आलू की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नाफेड जैसे सरकारी संगठनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर सीधी बिक्री बढ़ाई जानी होगी। आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने के लिए व्यापारियों के स्टॉक सीमाओं की सख्त निगरानी आवश्यक होगी। खाद्य तेलों और दालों की उपलब्धता सुधारने हेतु आयात शुल्क में अस्थायी कटौती की जानी होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आपदा
रोहित कौशिक

नेपाल की बाढ़ से भारत को लेना चहिए सबक

हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण से जुड़े इन सवालों पर यदि गंभीरता से चिंतन नहीं किया गया तो भविष्य में ऐसी आपदाओं के बढ़ने की उम्मीद है। इस आपदा में कई लोगों की जान चली गई जबकि अनेक लोग लापता हैं। बाढ़ से कई पुल बह गए और अनेक जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लेशियर के ढहने से भूकंपीय गतिविधि शुरू हुई और नेपाल-तिब्बत सीमा के पास पहाड़ी से चट्टानों के खिसकने के बाद बाढ़ आई। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम विकास के चक्कर में हिमालय के पारिस्थितिक तंत्र को समझने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। नेपाल में आई बाढ़ तो एक उदाहरण भर है। हमारे देश में भी बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन हम इन आपदाओं से कोई सबक नहीं लेते हैं। पहाड़ों में नदी, नालों और पानी के रास्ते के किनारे होने वाले निर्माण और अतिक्रमण को हम रोक नहीं पाए हैं। अभी भी धड़ल्ले से इस तरह के निर्माण और अतिक्रमण हो रहे हैं। जाहिर है कि जब इस तरह की आपदाएं आती हैं तो किनारे पर होने वाले अतिक्रमण और निर्माण की वजह से जान-माल की हानि ज्यादा होती है। हमारे देश में भी उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों में बादल फटने, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। निश्चित रूप से कई बार मौसम खराब होने के कारण भी ऐसी आपदाएं आती हैं लेकिन मौसम खराब होना ऐसी आपदाओं का एक कारण है। मानवीय गतिविधियां बढ़ने के कारण भी ऐसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। इस तरह की कई आपदाएं पहाड़ों पर जान और माल का नुकसान बढ़ा रही हैं। इसलिए इस दौर में इन आपदाओं के कारणों पर व्यापक रूप से चिंतन करना होगा। कई भूवैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ों पर हिमनदों के पिघलने की दर बढ़ रही है। बढ़ते तापमान और पहाड़ों के भीतर हो रहे कई तरह के बदलावों के कारण हिमनदों के टूटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय पहले संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के विभिन्न हिमनद जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। इस कारण वहां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा आ सकती है। कुछ समय पहले उत्तराखंड में हिमनद पिघलने की वजह से ऐसी कई प्राकृतिक आपदाओं ने भारी तबाही मचाई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम केदारनाथ आपदा से सबक नहीं ले पाए और पहाड़ों पर जल प्रलय के शास्त्र को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को हरी झंडी देते चले गए। यही कारण है कि हमें लगातार इस तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रारम्भ से ही पहाड़ों पर अत्यधिक जल विद्युत परियोजनाओं का विरोध होता रहा है। अनेक वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि पहाड़ों पर ये जल विद्युत परियोजनाएं भविष्य में और भी बड़ी तबाही मचा सकती हैं। हर क्षेत्र का अपना अलग पर्यावरण होता है। हम पहाड़ के पर्यावरण की तुलना मैदानी क्षेत्रों के पर्यावरण से नहीं कर सकते। यदि हम पहाड़ के पर्यावरण को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तो इस तरह की आपदाओं को ही निमंत्रण देंगे। यह विडम्बना ही है कि मानव हस्तक्षेप के चलते पहाड़ों पर इस तरह की आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। गौरतलब है कि पहाड़ों पर बनने वाले बांधों ने ग्लेशियरों को कमजोर किया है। ग्लेशियरों के मुहाने पर बनने वाले बांध पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तराखंड में ज्यादातर ग्लेशियरों पर बर्फबारी के कारण कई लाख टन बर्फ का भार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से ग्लेशियरों के खिसकने व टूटने का खतरा बना रहता है। हालांकि सर्दियों में ग्लेशियर टूटने की घटनाएं कम होती हैं। दरअसल विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए जिस तरह से जंगलों को नष्ट किया गया और पेड़ों की कटाई की गई, उसने स्थिति को और भयावह बना दिया। इस भयावह स्थिति के कारण मानसून तो प्रभावित हुआ ही, ग्लेशियरों का टूटना, भू-क्षरण एवं नदियों द्वारा कटाव किए जाने की प्रवृति भी बढ़ी। आज विकास का जो हवा महल बनाया जा रहा है, वह किसी न किसी रूप से आम आदमी की कब्र खोदने का काम ही कर रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम बड़े ही शर्मनाक तरीके से इस विकास पर अपनी पीठ थपथपाते रहते हैं। क्या हम विकास का ऐसा माडल नहीं बना सकते जिससे पहाड़ भी सुरक्षित रहे और पहाड़ के निवासियों को स्थायी रूप से फायदा हो। आज निश्चित रूप से विज्ञान निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है लेकिन वह प्रकृति के सामने बौना ही है। अगर विश्व के बुद्धिजीवी प्रकृति के साथ विज्ञान की प्रतियोगिता कराएंगे तो किसी न किसी रूप में वे तबाही को ही जन्म देंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

अंतर्मन

आज की पाती

बच्चों की सेहत से बड़ा कोई पाठ नहीं

राजस्थान हाई कोर्ट का स्कूलों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला केवल एक न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल कैंटीन तथा स्कूल गेट के 50 मीटर के दायरे में ज्यादा वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक और उसके पालन के लिए नियमित औचक निरीक्षण की व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है। आज जब बच्चों की जीवनशैली तेजी से बदल रही है, ऐसे समय में स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र मानना पर्याप्त नहीं है। स्कूल वह स्थान है जहां बच्चे पढ़ना ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की आदतें भी सीखते हैं। इसलिए उन्हें पौष्टिक भोजन और सक्रिय जीवनशैली का वातावरण देना चाहिए।

- **मनीराम बहलान**, सिरसा

ट्रेंड

रिसर्च पर ध्यान

आज भारत वेंटिलेटर बना रहा है और 2028 से पहले बैंडेज से लेकर एमआरआई मशीन तक सब कुछ बनाने की तैयारी में है। फार्मा सेक्टर का रिसर्च पर ध्यान इस कोशिश को और गति देगा।

-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

संचार साथी

'संचार साथी' ने खोए हुए फोन के मामले में बाज़ी पलट दी है...सच में यह एक गेम-चेंजर है! पूरे देश में सिर्फ़एक महीने में 75,000 से ज़्यादा हैंडसेट बरामद किए गए हैं...यह कामयाबी स्मार्ट टेक्नोलॉजी और टेलीकॉम ऑपरेटर्स और देशभर के पुलिस विभागों के बीच बेहतरीन तालमेल से मिली है।

-**ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**, केंद्रीय मंत्री

बदलाव की वजह



पेंगुइन वर्ल्डवाइड, सोनिया गांधी की आने वाली किताब को दुनिया भर में उसके मूल रूप में प्रकाशित करने के लिए तैयार है, लेकिन पेंगुइन इसे भारत में लॉन्च करने के लिए इसमें बदलाव चाहता है। क्या वजह है जो उसे भारत में प्रकाशित नहीं कर सकते?

-**अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

पुनर्निर्माण कार्यों में मदद

नेपाल में तबाही के दृश्य भयानक और दिल दहला देने वाले हैं। मैं खोज और बचाव कार्यों में नेपाल की स्थानीय क्षमताओं के इस्तेमाल की सराहना करता हूँ। इस मुश्किल समय में राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों में मदद के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

- **आनंद महिंद्रा**, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन, बेटे ने संभाली गद्दी

नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन हो गया है। वह 89 वर्ष के थे। राजमहल ने शुक्रवार सुबह इसकी सूचना दी। नाजी कब्जे के दौरान बचपन का कुछ समय निर्वासन में अमेरिका में बिताने वाले हेराल्ड ने उस महिला से शादी करने के लिए यूरोप की कई कुलीन महिलाओं के विवाह प्रस्ताव ठुकरा दिए थे जिससे वह स्कूल के समय से प्रेम करते थे। हेराल्ड यूरोप के सबसे उम्रदराज सम्राट थे। लोकप्रिय महाराजा के रूप में उन्होंने राजशाही को आधुनिक रूप दिया, लेकिन हाल के वर्षों में पद छोड़ने वाले अन्य उम्रदराज राजाओं की तरह उन्होंने गद्दी छोड़ने से इनकार कर दिया था। हेराल्ड के निधन के बाद उनके बेटे हाकोन अष्टम को स्वत: ही राज गद्दी मिल गई है। यूरोप के अन्य राजतंत्रों की तरह नॉर्वे के राजा की भूमिका भी मुख्य रूप से प्रतीकात्मक है। हालांकि, उन्हें देश में काफी लोकप्रियता हासिल है। करीब 55 लाख की आबादी वाले इस लोकतांत्रिक देश में वास्तविक सत्ता निर्वाचित संसद के पास है। हेराल्ड ने जनवरी 1991 में उनके पिता राजा ओलाव पंचम के निधन के बाद राजगद्दी संभाली थी। उनके शासनकाल में नॉर्वे ने तेल और गैस के सहारे आर्थिक समृद्धि का दौर देखा। हेराल्ड का जन्म 1937 में ओस्लो के पास अस्केर में हुआ था।

ऑफ बीट

वसीयत, पासवर्ड और जरूरी संवाद : अभी करें तैयारी

हममें से ज्यादातर लोग अपनी मौत के बारे में सोचना पसंद नहीं करते। लेकिन ऐसा करने की एक व्यावहारिक वजह है: जब व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसके पीछे छूटी चीज़ों को समेटने और उनका निपटारा करने की जिम्मेदारी किसी और को उठानी पड़ती है। उन्हें अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी पड़ सकती है, वसीयत तलाशनी पड़ सकती है, बैंकों और पेंशन कोषों से संपर्क करना पड़ सकता है, घर से जुड़े मामले निपटाने पड़ सकते हैं, बिल चुकाने पड़ सकते हैं, बिजली-पानी जैसी सेवाओं और डिजिटल खातों को बंद करना पड़ सकता है और आखिर में छोड़ी गई संपत्ति का बंटवारा करना पड़ सकता है। और यह सब वे आपके जाने के दुख के बीच कर रहे होंगे। आप कुछ ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिनसे उनका यह बोझ कम हो सके। संपत्ति की अच्छी योजना का मतलब सिर्फ यह तय करना नहीं है कि आपकी रकम और संपत्ति किसे मिलेगी। इसका मकसद यह भी है कि आपके जाने के बाद लोगों के लिए पूरी प्रक्रिया आसान हो। वसीयत बनाना इसकी एक अहम शुरुआत है। ऑस्ट्रेलिया में केवल करीब 40 प्रतिशत लोगों ने वसीयत तैयार की है। उम्र बढ़ने और संपत्ति जुटने के साथ वसीयत बनाने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जाती है। आप खुद भी वसीयत बना सकते हैं जिसके लिए स्वयं तैयार करने वाली या ऑनलाइन वसीयत की किट उपलब्ध हैं।

रोमांचक फाइनल में जीत के साथ अपने नाम किए 1.91 करोड़ रुपये

'प्रज्ञाना' ने 6 अंक पिछड़ने के बाद रचा इतिहास, कारुआना को दी मात

ग्रैंड शतरंज टूर जीतने वाले पहले भारतीय बने प्रज्ञानानंदा

अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर में प्रज्ञानानंदा की जगह पक्की

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यहां ग्रैंड फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराया। प्रज्ञानानंदा ने कारुआना से 6 अंक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की।

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय खिलाड़ी ने आखिर में कारुआना को 15-13 से हराकर अपना पहला जीसीटी खिताब जीता और पुरस्कार राशि के रूप में 200,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग एक करोड़, 91 लख रुपए) अपने नाम किए। इस तरह से प्रज्ञानानंदा, कारुआना और एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर में जगह पक्की कर दी। वेस्ली ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को 18-12 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

रैपिड राउंड जीतना महत्वपूर्ण : प्रज्ञानानंदा

प्रज्ञानानंदा ने जीत के बाद कहा, 'सच कहूं तो, मुझे नहीं लगता था कि आज मेरे पास जीतने के ज्यादा मौके हैं। ऐसा हर दिन नहीं होता। आप फैबी (कारुआना) से एक गेम जीत सकते हैं लेकिन रैपिड राउंड में दो गेम जीतना महत्वपूर्ण था।'

प्रज्ञानानंदा ने की शानदार वापसी

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद से प्रशिक्षण लेने वाला चेन्नई का यह 21 वर्ष का खिलाड़ी दिन की शुरुआत में छह अंक से पीछे था लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी की तथा दोनों रैपिड गेम (प्रति गेम विजेता को चार अंक) जीतकर दो अंकों की बढ़त बना ली। इसके बाद खेले गए चार ब्लिट्ज मैचों में मुकाबला बराबरी का रहा, जिसमें प्रज्ञानानंदा और कारुआना ने एक-एक मैच जीता जबकि शेष दो मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से रैपिड राउंड के आखिर में मिली दो अंकों की बढ़त भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक साबित हुई।

ड्रॉ करके खिताब अपने नाम किया

ब्लिट्ज सेक्शन का पहला गेम ड्रॉ रहा, जिसके बाद कारुआना ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। प्रज्ञाननंदा ने हालांकि तीसरा गेम जीत कर फिर से दो अंक की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने अगला गेम ड्रॉ करके खिताब अपने नाम कर दिया। प्रज्ञानानंदा इस साल की शुरुआत में नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इस दौरान उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार मैग्नस कार्लसन को दो बार हराया था।

अविश्वसनीय सीजन का समापन

ग्रैंड शतरंज टूर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'प्रज्ञाननंदा को पहली बार ग्रैंड शतरंज टूर का खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। एक रोमांचक फाइनल मैच में फैबियानो कारुआना को हराकर प्रज्ञानानंदा ने एक अविश्वसनीय सीजन का समापन किया और अपने करियर में पहली बार जीसीटी का खिताब अपने नाम किया।' उसने कहा, 'क्या शानदार वापसी थी। क्या जबरदस्त मुकाबला था। चैंपियन बनने का इससे शानदार तरीका और नहीं हो सकता।'

यूएस ओपन : विमेंस सिंगल्स मेन ड्रॉ के टॉप हाफ में सबालेंका, पेगुला और नोस्कोवा





एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका के साथ टॉप-सीडेड अमेरिकी जेसिका पेगुला और 2026 विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को यूएस ओपन 2026 के 'विमेंस सिंगल्स' ड्रॉ के टॉप हाफ में रखा गया है।

वहीं, यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ (2023) और इगा स्वियातेक (2022) बॉटम हाफ में हैं, उनके साथ 2026 ग्रैंड स्लैम चैंपियन मीरा एंड्रीवा और एलेना रायबाकिना भी शामिल हैं। सबालेंका अपने अभियान की शुरुआत कोलंबिया की वर्ल्ड नंबर 58 कैमिला ओसोरियो के खिलाफ करेंगी, जबकि दूसरी सीड वाली रायबाकिना पहले राउंड में अमेरिका की 580वीं रैंक वाली थिया फ्रोडिन से भिड़ेंगी।

पेगुला, गॉफ और अनिसिमोवा के पास आगे बढ़ने का मौका

टॉप अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला, गॉफ और अनिसिमोवा सभी के पास यूएस ओपन 2026 में आगे बढ़ने का मौका है। अब ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि पिछले साल यूएस ओपन में अनिसिमोवा के बाद से कोई भी अमेरिकी महिला खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम फाइनल में नहीं पहुंच पाई हैं। अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहीं पेगुला क्वार्टर फाइनल में मुचोवा या नंबर 9 एलिना स्वितोलिना से भिड़ सकती हैं। ड्रॉ के निचले हिस्से में होने के कारण, अनिसिमोवा और हाल ही में सिनसिनाटी चैंपियन बनीं गॉफ क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने हो सकती हैं। अगर सब कुछ सही रहा, तो नंबर 3 पेगुला और नंबर 4 गॉफ फाइनल में भी मिल सकती हैं।

खबर संक्षेप

महिला आयरिश ओपन प्रणवी की शानदार शुरुआत

स्ट्राफ़न। प्रणवी उर्स ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में शानदार शुरुआत करते हुए तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया लेकिन अन्य भारतीय खिलाड़ियों दीक्षा डागर, अवनी प्रशांत और त्वेसा मलिक पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। प्रणवी ने 10वें होल से शुरुआत की। उन्होंने 10वें, 16वें और 17वें होल पर बर्डी बनाई और फिर पहले होल पर एक और बर्डी जोड़ी। उन्होंने प्रणवी ने आठवें होल पर अपना एकमात्र शॉट गंवाया। वर्तमान में एलईटी रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज दीक्षा और त्वेसा दोनों ने 74 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 69वें स्थान पर हैं।

एशियाई खेलों के लिए चुने गए अभिषेक पाल को नाडा का नोटिस

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में चुने गए लंबी दूरी के धावक अभिषेक पाल को डोपिंग उल्लंघन के कथित मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने नोटिस जारी किया है। नाडा ने हालांकि अभी तक उनके खिलाफ अस्थायी निलंबन नहीं लगाया है। सूत्रों के अनुसार, पाल के डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ की बेहद कम मात्रा पाई गई है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि नाडा ने इसी आधार पर पाल को नोटिस भेजा है। यह भी माना जा रहा है कि पाया गया पदार्थ महिलाओं में प्रजनन क्षमता से जुड़ी किसी दवा का हो सकता है।

बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश फाइनल में सेंथिलकुमार

बुडापेस्ट। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल मुकाबले में अपने हमवतन वीर चोटरानी को हराकर हंगरी की राजधानी में चल रहे 43,500 अमेरिकी डॉलर के पीएसए कॉपर टूर्नामेंट बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में सेंथिलकुमार का मुकाबला स्थानीय खिलाड़ी बालाज फरकास से होगा। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने तीसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी को 9-11, 11-8, 11-7, 1-11, 12-10 से हराकर अपने 15वें पीएसए टूर फाइनल में जगह बनाई।

डायमंड लीग : फाइनल में खेलेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिता की सीरीज के केवल दो टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के बावजूद 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

चोपड़ा ने 19 जून को दोहा और 21 अगस्त को लुसाने में हुई डायमंड लीग में क्रमशः दूसरा स्थान हासिल करके 12 अंक जुटाए। इसके साथ वह अंक तालिका में छठे स्थान पर रहे और ब्रसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे, जिसमें विजेता सीधा चैंपियन बनता है।

ज्यूरिख में अंक तालिका की गई अपडेट

ज्यूरिख में सीरीज के 14वें और आखिरी चरण के समाप्त होने के बाद अंक तालिका अपडेट की गई। इस साल हुई 14 डायमंड लीग प्रतियोगिता में से पांच में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, लेकिन नीरज चोपड़ा ने इनमें से केवल दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। अठाईस वर्षीय चोपड़ा चोट से उबरने के बाद वापसी की राह पर हैं, उन्हें पिछले साल सितंबर से कमर के निचले हिस्से में लगी चोट परेशान कर रही थी। इस चोट के कारण उनकी वापसी में देरी हुई और उन्होंने दोहा डायमंड लीग में वापसी की।

- डब्ल्यूए अल्टीमेट चैंपियनशिप में जगह बनाने की दौड़ में
- 05 सितंबर को ब्रसेल्स में होगा टूर्नामेंट

ब्रसेल्स में दो दिन तक होगा फाइनल

डायमंड लीग फाइनल ब्रसेल्स में दो दिन तक आयोजित होगा, जिसमें 4 सितंबर को 16 स्पर्धाएं होंगी जबकि बाकी 16 स्पर्धाएं अगले दिन आयोजित की जाएंगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पांच सितंबर को होगी। विजेता को ट्रॉफी के साथ कम से कम 30,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। वहीं आठवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 1,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अगर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को डायमंड 'प्लस' स्पर्धाओं में चुना जाता है तो विजेता को 60,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश पथिरागे 39 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर हैं। ऐसे में उन्हें ब्रसेल्स में डायमंड लीग की ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

लॉर्ड्स टेस्ट : इंग्लैंड की पहली पारी 290 पर सिमटी, अब्बास ने चटकाए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| लॉर्ड्स

पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के पहले सत्र में इंग्लैंड की पहली पारी 290 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए।

दूसरे दिन के खेल की शुरुआत इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 248 रन से की। गस एटकिंसन और जोश टंग की जोड़ी ने 10वें विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 290 तक पहुंचाया। एटकिंसन 46 गेंदों पर 45 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। टंग 48 गेंदों पर 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

पहले दिन इंग्लैंड की शुरुआत खराब

पहले दिन टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 77 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि टीम 200 का आंकड़ा शायद पार न करे, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए जॉर्डन कॉक्स ने 55 और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए

विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 61 रन की पारी खेल टीम को संभाला था। बेन डकेट 17, एमिलियो गे 8, कप्तान रुट 4, हैरी ब्रूक 15, डैन लॉरेंस 17 और जोफ्रा आर्चर 14 रन बनाकर आउट हुए।

पेनल्टी शूटआउट में बेल्जियम से 3-4 से हारकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम आठवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| वॉवरे (बेल्जियम)

आखिरी सीटी बजने से 26 सेकंड पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने स्कोर 3-3 से बराबर करके शुक्रवार को सह मेजबान बेल्जियम के खिलाफ विश्व कप के मुकाबले को शूटआउट में खींच दिया जिसमें बेल्जियम के 4-3 से जीतने के बाद भारत आठवें स्थान पर रहा। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने आखिरी मिनट तक 3-2 से बढत बना ली थी लेकिन 26 सेकंड बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल करने में हरमनप्रीत ने

कोई चूक नहीं की। यह इस विश्व कप में उनका आठवां गोल था। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक ने गोल किये जबकि हरमनप्रीत और सुखजीत सिंह के निशाने चूके। वहीं बेल्जियम के लिये टॉम बून, आर्थर डि स्लूवेर, अलेक्जेंडर हेंडरिक्स और रोमन डुवेकोट ने गोल दागे जबकि विक्टर फूबर्ट का निशाना नहीं लगा। अपने सारे मैच नीदरलैंड में खेलने वाली भारतीय टीम ने ठंडी हवाओं के बीच अच्छी खासी तादाद में यहां बेल्फियस हॉकी एरेना में जमा घरेलू समर्थकों के सामने पहले बढत बनाई लेकिन दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के सामने उस लय को कायम नहीं रख सकी। एम्सटेलवीन में बृहस्पतिवार को भारतीय महिला टीम के जर्मनी को हराकर पांचवां स्थान हासिल करने के बाद हरमनप्रीत सिंह की टीम से भी जीत के साथ विदाई की उम्मीद थी लेकिन एक बार फिर लचर डिफेंस का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा।

हॉकी इंडिया ने महिला हॉकी टीम के लिए 50 लाख का पुरस्कार घोषित किया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी विश्व कप में ऐतिहासिक पांचवां स्थान हासिल करने पर शुक्रवार को 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने बृहस्पतिवार को एम्स्टेलवीन में पांचवें और छठे स्थान के मुकाबले में दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को 3-1 से हराया। इसके साथ भारत ने विश्व कप में अपना अब तक का दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने इससे पहले 1974 में हुए पहले विश्व कप में चौथा स्थान हासिल किया था। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक मैच गंवाया। टीम ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली चीन, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के खिलाफ मैच ड्रॉ किए। इसके अलावा भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराया। जर्मनी के खिलाफ जीत के साथ भारत ने मुख्य कोच शोर्ड मारिन के कार्यकाल का भी जीत के साथ समापन किया। टीम को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''यह भारतीय महिला हॉकी के लिए ऐतिहासिक परिणाम है।

अंडर-23 और सीनियर विश्व चैंपियनशिप

डब्ल्यूएफआई भेजेगा अलग-अलग टीमें

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप और सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के बीच बेहद कम अंतराल को देखते हुए दोनों प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग भारतीय टीमें भेजने का फैसला किया है। हंसिका लांबा, नीशू और नेहा शर्मा जैसी पहलवानों को इस साल अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप और सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में से किसी एक को चुनना होगा। भारत के शीर्ष पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान सुजीत कलकल पहले ही सीनियर विश्व चैंपियनशिप में खेलने का फैसला कर चुके हैं जिन्होंने सर्बिया में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। हंसिका (53 किग्रा) ने सर्बिया में रजत पदक जीता था जबकि नीशू (55 किग्रा) और नेहा (57 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते थे। सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने भी कांस्य पदक जीते थे और वे अंडर-23 तथा सीनियर दोनों विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए योग्य हैं।आमतौर पर अच्छे प्रदर्शन करने वाले अंडर-23 पहलवान सीनियर स्तर पर भी खुद को आजमाना चाहते हैं। लेकिन इस बार दोनों प्रतियोगिताओं के बीच बहुत कम अंतर होने के कारण ने डब्ल्यूएफआई ने अलग-अलग टीमें चुनने का फैसला किया है। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप अमेरिका में 12 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होगी, जबकि सीनियर विश्व चैंपियनशिप कजाखस्तान में 24 अक्टूबर से एक नवंबर तक खेली जाएगी। दोनों प्रतियोगिताओं के बीच महज कुछ दिनों का अंतर होने के कारण महासंघ ने यह निर्णय लिया है।

दिनुशा का अभावों से शिखर तक का सफर

बहन ने उधार लेकर दिलाया था पहला बल्ला

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत से वंचित करने वाले श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुशा को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा और यहां तक कि उनके लिए पहला बल्ला उनकी बहन ने पैसे उधार लेकर खरीदा था।

यह क्रिकेटर अपने खेल के प्रति कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने दूसरे टेस्ट में भारत की संभावित जीत को अकेले दम पर टालने के कुछ ही घंटों के भीतर नेट पर अभ्यास करना चाहा। जश्न मनाना उस श्रीलंकाई खिलाड़ी के लिए कोई मायने नहीं रखता था, जिन्होंने अपने जीवन की कठोर वास्तविकताओं से ध्यान हटाने के लिए खेल को चुना था।

स्वीप शॉट का किया शानदार नमूना पेश

भारत के खिलाफ टेस्ट मैच शुरू होने से कुछ दिन पहले दिनुशा ने प्रियांजन को फोन किया था। प्रियांजन ने कहा, 'उसने कहा, 'सर, भारत के पास हर तरह के स्पिनर हैं। हमें अच्छी तैयारी करनी होगी।' यही हमारी चर्चा का मुख्य बिंदु था। वह हर मैच से पहले मुझे फोन करता है।'' दिनुशा की कड़ी मेहनत आखिर में रंग लाई और उन्होंने भारत के स्पिनरों रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार (सभी बाएं हाथ के स्पिनर) और सारांश जैन (ऑफ-स्पिनर) के खिलाफ स्वीप शॉट का शानदार नमूना पेश करते हुए उन्हें कुंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

नेट पर सिर्फ स्वीप शॉट का अभ्यास

यह 25 वर्षीय खिलाड़ी कड़ी मेहनत करने में विश्वास रखता है और यही वजह है कि प्रियांजन को दिनुशा की भारतीय स्पिनरों के खिलाफ मिली सफलता पर आश्चर्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'मैंने उसे पहली बार स्कूल क्रिकेटर के रूप में देखा था। तब वह 11 या 12 साल का था, लेकिन उस उम्र में भी क्रिकेट के प्रति उसका उत्साह और समर्पण सराहनीय था।' उन्होंने कहा, 'मैंने एक बार उससे कहा था कि स्पिनरों के खिलाफ सफल होने के लिए उन्हें स्वीप शॉट अच्छी तरह से खेलना आना चाहिए। इसके बाद से ही उसने लगभग दो घंटे नेट पर सिर्फ स्वीप शॉट का अभ्यास किया।'

ला लीगा: बार्सिलोना ने बिलबाओ को दी शिकस्त

बार्सिलोना। ला लीगा 2026/27 सीजन की शुरुआत एफसी बार्सिलोना के लिए शानदार रही है। पहले मैच में जीत दर्ज करने के बाद बार्सिलोना ने दूसरे मुकाबले में कैंप नोउ में एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया। एफसी बार्सिलोना के लिए राफिन्हा (37वें मिनट) और फर्मिन लोपेज (82वें मिनट) ने शानदार गोल करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रतिद्वंद्वी एथलेटिक बिलबाओ की टीम एक भी शॉट टारगेट पर नहीं मार पाई। लामिन यमल ने 15 मिनट बाद एथलेटिक के गोलकीपर उनाई साइमन की परीक्षा ली।

तबाही के जख्म

ड्रोन से ली गई तस्वीर में नुवाकोट जिले के देवीघाट गांव में बाढ़ के मलबे से तबाही का मंजर

हे ईश्वर! अब बख्शना

नेपाल सेना के एक जवान ने बच्चे को बचाया

विनाशकारी बाढ़ से गुमसुम नेपाल

आपदा के बाद बालेन शाह ने बुलाई कैबिनेट की आपात बैठक, राहत कार्यों में 'बचाव' के निर्देश

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के पीएम बलेंद्र शाह ने शुक्रवार को सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। यह बैठक 26 अगस्त को रसुवा के भोटेकोशी क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए थी। इसमें बचाव, राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) नेपाल ने यह जानकारी दी। नेपाल इस प्राकृतिक विपदा में 26 अगस्त को तिब्बत-नेपाल सीमा पर अचानक आई बाढ़ के कारण के कारण फंसा। इसने भोटे कोशी और त्रिशूली नदी प्रणालियों में पानी, गाद और पत्थरों का शक्तिशाली बहाव भेजा, जिससे व्यापक तबाही हुई।

सेना के दो और निजी क्षेत्र के हेलिकॉप्टर से बचाव में जुटे

कैबिनेट की बैठक लेते पीएम बालेन शाह

रसुवा हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट सुरंग में चल रहा रेस्क्यू

नेपाल के रसुवा जिले में आई इस बाढ़ के कारण एक बड़ी जलविद्युत परियोजना की सुरंग में कई श्रमिक फंस गए हैं। पीएमओ ने बताया कि नेपाली सेना ने बाढ़ के बाद रसुवा में एक जलविद्युत परियोजना की सुरंग के अंदर फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया है। सेना ने अब तक सुरंग से दो लोगों को सुरक्षित बचाया है। नेपाली सेना ने शुक्रवार सुबह से ही इन फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए एक बेहद जटिल बचाव अभियान शुरू किया है। इस खतरनाक काम के लिए सेना की एक विशेष टीम को तकनीकी उपकरणों और विशिष्ट प्रशिक्षण के साथ सुरंग में उतारा गया है। बेहद कठिन रास्तों और खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद, सेना की टीम ने अब तक दो श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

यूपी में गंडक समेत अन्य नदियों की निगरानी, दो जिले हाई अलर्ट पर

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बाद यूपी के महाराजगंज और कुशीनगर जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। यूपी प्रशासन ने गंडक सहित नेपाल से आने वाली अन्य नदियों की निगरानी बढ़ा दी है। यूपी सरकार ने बचाव और राहत कार्यों के लिए नेपाल में 32 सदस्यीय एडीआरएफ प्लाटून और 22 पीएसी कर्मियों को भेजा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, राप्ती और घाघरा जैसी नदियां चेतावनी स्तर के करीब या ऊपर बह रही हैं। बिहार के माधोपुर में राप्ती का जलस्तर 124.54 मीटर, बढ़ रहा पानी।

गंडक नदी में मिले तीन शव

अस्थाई राहत शिविर में आपदा पीड़ित

नवजात शिशुओं को बचाया

लापता लोगों को तलाशते परिजन

स्वदेश पहुंचे तमिलनाडु के 21 लोग

हवाईअड्डे पर जयशंकर ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के निकट पड़ोस में आई प्रलयंकारी बाढ़ के बीच नेपाल और चीन में फंसे हुए भारतीयों का कुल आंकड़ा 720 तक जा पहुंचा है। जिसमें नेपाल में 320 लोग लापता हैं और उनसे अभी तक कोई संपर्क नहीं हो पाया है। यह जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। वहीं, इन सबके बीच निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए तमिलनाडु के 21 तीर्थयात्री शुक्रवार को इंडिगो की फ्लाइट से सकुशल स्वदेश वापस लौटे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दिल्ली हवाईअड्डे पर उनका स्वागत करते हुए हालचाल पूछा।

त्रिशूली-1 प्रोजेक्ट से बचाए गए 63 भारतीय

रणधीर ने बताया कि त्रिशूली-वन हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में काम कर रहे और आपदा के दौरान वहां फंसे 63 भारतीयों को बचा लिया गया है। जबकि दूसरी ओर चीन से जमीनी मार्ग से देश के 149 लोग सुरक्षित नेपाल पहुंच गए हैं। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इनकी नाम सहित जानकारी साझा की है। बाढ़ की इस त्रासदी में लापता लोगों में 100 अन्य लोग भी शामिल हैं। जो भारतीय मूल के हैं, लेकिन उनके पास दुनिया के अलग-अलग देशों की नागरिकता है। मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया चौबीसों घंटे चलने वाला विशेष कंट्रोल रूम पूरी तरह से एक्टिव है। देश के नागरिकों की मदद के लिए नेपाल और चीन में मौजूद भारत के दूतावासों में भी ऐसी ही समान व्यवस्था की गई है।

खबर संक्षेप

थानों में सीसीटीवी नहीं झारखंड डीजीपी को नोटिस

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश का पालन नहीं होने पर डीजीपी तदाशा मिश्रा को अवमानना नोटिस भेजा है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मुख्य सचिव अविनाश कुमार और गृह सचिव से कहा कोर्ट के आदेशों को गंभीरता से लें।

उपराष्ट्रपति ने किया 'ज्ञानी अर्थ' का शुभारंभ

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति भवन में 'ज्ञानी अर्थ' का शुभारंभ किया। यह ज्ञानी एआई द्वारा विकसित एक स्वतंत्र एआई स्टैक है, जिसमें इवोन 3.3 और प्लेक्सस तकनीक शामिल हैं। इवोन 3.3 एक बड़ा भाषा मॉडल है।

मलाला की किताब पढ़ने के दौरान हमला, 3 अरेस्ट

अहमदाबाद। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई की आत्मकथा 'आई एम मलाला' के पठन सत्र के दौरान हमले की खबर है। यह हमला गुजरात के अहमदाबाद शहर में गुरुवार शाम को वस्त्रपुर गार्डन में हुआ था। वस्त्रपुर पुलिस थाने की इंस्पेक्टर जी एम चौधरी ने बताया कि करीब 20 लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं।

भारत और कनाडा के वित्त मंत्रियों के बीच पहली आर्थिक और वित्तीय चर्चा पूरी

बीआईटी पर वार्ता को हरी झंडी, 2030 तक 4.65 लाख करोड़ कारोबारी लक्ष्य

बैठक के बाद भारत ने कनाडा के साथ जल्द से जल्द 'द्विपक्षीय निवेश संधि' (बीआईटी) पर बातचीत शुरू करने की इच्छा जताई है। यह रणनीतिक कदम निवेश संबंधों को मजबूत करेगा

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

भारत और कनाडा के बीच आर्थिक संबंधों में नया अध्याय जुड़ रहा है। नई दिल्ली में मार्च 2026 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की बैठक की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के वित्त मंत्रियों के बीच पहली आर्थिक और वित्तीय वार्ता संपन्न हुई। बैठक के बाद भारत ने कनाडा के साथ जल्द से जल्द 'द्विपक्षीय निवेश संधि' (बीआईटी) पर बातचीत शुरू करने की इच्छा जताई है। यह रणनीतिक कदम निवेश संबंधों को मजबूत करेगा और वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को 70 अरब कनाडाई डॉलर यानी करीब 4.65 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस वार्ता का मुख्य ध्यान दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाना और निवेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना रहा। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को बढ़ाकर 70 अरब कनाडाई डॉलर (करीब 4.65 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया है। यह महत्वपूर्ण कदम मार्च 2026 में नई दिल्ली में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक की प्रतिबद्धताओं पर आधारित है। दोनों पक्षों ने वर्ष 2026 के अंत तक 'कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता' (सीईपीए) वार्ता को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

- ▶▶ इस साल के अंत तक सीईपीए वार्ता को पूरा करेंगे
- ▶▶ आर्थिक सहयोग और निवेश नई ऊंचाई पर ले जाएंगे

निर्मला सीतारमण और फ्रांसिस-फिलिप शैम्पेन

वित्तीय संस्थानों के बीच बढ़ेगी साझेदारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कनाडा के वित्त मंत्री फ्रांसिस-फिलिप शैम्पेन ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और अपनी घरेलू नीतिगत प्राथमिकताओं पर चर्चा की। वार्ता में भारतीय बाजार में कनाडाई पेंशन फंडों की बड़ी मौजूदगी को रेखांकित किया गया और वित्तीय संस्थानों के बीच साझेदारी बढ़ाने पर बात हुई। दोनों पक्षों ने निवेशकों के लिए स्थिर और निश्चित घरेलू कर कानूनों की आवश्यकता को महत्वपूर्ण माना।

कनाडा में भारत के यूपीआई का विस्तार होगा

संवाद में भुगतान प्रणालियों के आधुनिकीकरण, वित्तीय स्थिरता, फिनटेक इनोवेशन और वित्तीय अपराधों से निपटने पर सहयोग की रूपरेखा तैयार की गई। इसमें सबसे बड़ा कदम कनाडा में भारत के 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) के विस्तार का स्वागत करना है। इसके लिए स्थानीय भुगतान सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी की जाएगी, जिससे सीमा पार प्रेषण (रेमिटेंस) तेज और सस्ता होगा। इसका लाभ दोनों देशों के बीच पर्यटन, शिक्षा, व्यापार और छोटे व मध्यम स्तर के उद्यमों (एमएसएमई) को मिलेगा।

इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान

- ▶▶ **निवेश और पेंशन फंड:** भारतीय बाजार में कनाडाई पेंशन फंडों की भागीदारी को और बढ़ावा दिया जाएगा।
- ▶▶ **क्रिटिकल मिनरल्स:** महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जाएगा।
- ▶▶ **डिजिटल पेमेंट (यूपीआई):** कनाडा में भारतीय यूपीआई के विस्तार से सीमा पार भुगतान और व्यापार बेहद आसान होगा।
- ▶▶ **तकनीक और ऊर्जा:** ऊर्जा, एआई (एआई) और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में साझेदारी के अवसर तलाशे जाएंगे।

अभी द्विपक्षीय व्यापार 8 अरब अमेरिकी डॉलर

वर्ष 2025-26 में भारत-कनाडा द्विपक्षीय वस्तु व्यापार लगभग 8 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा है, जिसमें भारत का निर्यात 4.67 अरब डॉलर और आयात 3.28 अरब डॉलर था। इसे देखते हुए 2030 तक इसे 4.65 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस यात्रा के दौरान कनाडाई कंपनियों के साथ ऊर्जा, एआई और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में चर्चा कर रही हैं। इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अगली आर्थिक और वित्तीय वार्ता वर्ष 2027 में आयोजित की जाएगी, जहां इसकी प्रगति की समीक्षा होगी।

भागवत न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन मंदिर पहुंचे

- बोले- विश्व में कई तरह के संघर्ष, कृष्ण चेतना से ही शांति आ सकती है

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन सेंटर का दौरा किया। मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के संघर्ष हैं। ऐसे समय में 'कृष्ण चेतना' शांति ला सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भले ही अलग-अलग तरह की विविधताएं, मतभेद और संघर्ष हों, लेकिन अगर लोगों को यह समझ आने लगे कि सब कुछ कृष्ण का ही हिस्सा है, तो दुनिया में बेहतर और शांतिपूर्ण माहौल बनाया जा सकता है। भागवत 26 सेकंड एवेन्यू स्थित उस जगह पर भी पहुंचे, जहां स्वामी प्रभुपाद ने जुलाई 1966 में इस्कॉन की स्थापना की थी। इसे मैचलैस गिफ्ट्स भी कहा जाता है। इस्कॉन इस साल अपनी स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस्कॉन के 120 देशों में 1,300 मंदिर हैं।

देश में चीनी की कोई कमी नहीं, कीमतों में नरमी आई: केंद्र सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कृत्रिम किल्लत रोकने के लिए सितंबर से मिलों को पखवाड़े के हिसाब से बिक्री कोटा दिया जाएगा। फिलहाल खाद्य मंत्रालय चीनी मिलों को बिक्री के लिए मासिक कोटा आवंटित करता है। चीनी की खुदरा कीमतों में नरमी आनी शुरू हो गई है और मिल स्तर पर कीमतें पिछले करीब 20 प्रतिशत घट चुकी हैं।

मिलो ने अधिक भंडारण किया: खाद्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर करीबी नजर रख रहा है तथा देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। चीनी मिलों में मौजूद स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया गया। इसमें कुछ मिलों के पास मासिक रिटर्न में घोषित मात्रा से अधिक भंडार पाया गया, जबकि कुछ मिलों ने उन्हें आवंटित मासिक कोटे से कम चीनी बेची। कुछ मामलों में महीने की शुरुआत में मिलों द्वारा बेची गई चीनी की आपूर्ति या खरीदारों द्वारा उठान महीने के अंत में किया जा रहा था।

बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगेगा

453 टन प्याज लेकर नासिक से दिल्ली पहुंची 'कांदा एक्स.'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार प्याज के इस स्टॉक का इस्तेमाल देश में बढ़ती कीमतों के बीच आम लोगों को राहत पहुंचाने में करेगी। नासिक से लगभग 453.65 टन प्याज लेकर पहली 'कंदा एक्सप्रेस' शुक्रवार को दिल्ली पहुंची। यह समर्पित रेल रैक आपूर्ति बढ़ाने के सरकारी प्रयासों का हिस्सा है। उपभोक्ता मामले सचिव निधि खरे ने बताया कि 21 वैगनों में यह प्याज सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा। इस प्याज को खुदरा बिक्री तीन एजेंसियों- नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार- से की जाएगी।

राम मंदिर पहुंची विशेष दानदाता

4 करोड़ दान देने पहुंची महिला और खाते में केवल 3 रुपये थे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां स्थित राम मंदिर के कर्मियों व सेवादारों की सुविधा के लिए चार करोड़ रुपये का दान देने वाली चेन्नई की महिला श्रद्धालु एस. नागलक्ष्मी की शर्त से दान की रकम को लेकर नया पेच फंस गया है। महिला ने राम मंदिर ट्रस्ट को 4 करोड़ का चेक तो समर्पित कर दिया, लेकिन अब वह चाहती हैं कि ट्रस्ट पहले लिखित आश्वासन दे कि यह पूरी रकम उनकी मंशा के अनुरूप सिर्फ मंदिर के कर्मियों व सेवादारों की सुविधा पर ही खर्च की जाएगी। ट्रस्ट की ओर से फिलहाल ऐसा कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया गया है। चेन्नई की महिला श्रद्धालु एस. नागलक्ष्मी पिछले दिनों रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आई थीं। उन्होंने राम मंदिर के लिए 10 हजार रुपये का दान दिया।

सेना ने एलओसी पर ड्रोन घुसपैठ रोकी

- नौशहरा सेक्टर में तीन संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। नौशहरा सेक्टर के रूमलीधारा क्षेत्र में तीन संदिग्ध ड्रोन भारतीय क्षेत्र की ओर आते देखे गए, जिसके बाद सीमा पर तैनात भारतीय सेना के जवानों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए जवाबी कार्रवाई की। सेना की प्रभावी काउंटर-ड्रोन कार्रवाई के बाद तीनों ड्रोन को नियंत्रण रेखा पार कर वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। जानकारी के अनुसार, नौशहरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के नजदीक स्थित रूमलीधारा क्षेत्र में संदिग्ध हवाई गतिविधि देखे जाने के बाद सेना पूरी तरह सतर्क हो गई। जवानों ने तीन ड्रोन को भारतीय हवाई क्षेत्र की ओर बढ़ते हुए देखा। ड्रोन की गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर तैनात सैनिकों ने तत्काल निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू की।

भारत-चीन 8 सूत्रीय समझौते से निकालेंगे सीमा निर्धारण के मसले का जल्द समाधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

समझौते को दिया गया अर्ली हार्वेस्ट नाम, 2027 में भारत में होगी एसआर स्तर की अगली बैठक

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच इस सप्ताह मंगलवार को बीजिंग में हुई विशेष प्रतिनिधियों के (एसआर) स्तर की 25 वीं बैठक का महत्वपूर्ण और विस्तृत परिणाम वह आठ सूत्रीय 'अर्ली हार्वेस्ट' समझौता है। जिसके मार्फत अब दोनों देश सीमा निर्धारण (डिलिमिटेशन) के मामले का जल्द और ठोस समाधान निकालने के लिए राजी हो गए हैं।

इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्ष 2005 में हस्ताक्षर किए गए समझौते को आधार बनाया जाएगा। दोनों पक्ष सीमाई विवाद के निष्पक्ष, तर्कसंगत और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर वार्ता करने के लिए भी तैयार हैं। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28